www.sanjanabharati.com
दिल्ली और गौतम बुद्ध नगर से प्रकाशित। हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड व उत्तराखंड में प्रसारित
facebook.com/Sanjanabharati

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

संजना भारती

RNI No. : DELHIN/2016/70240

आपका भरोसा, हमारी ताकत

2 स्कूलों में छात्रों की संख्या का घटना...
3 मजबूत सड़क नेटवर्क से रखी जाएगी गुरुग्राम के...
4 जरूरतमंदों व लाचार लोगों की सेवा पुण्य का...

वर्ष: 9 | अंक: 73 | दिल्ली, सोमवार, 6 जनवरी 2025 | पृष्ठ संख्या: 4 | मूल्य: 1 रुपया

संक्षिप्त समाचार

अजमेर दरगाह में रक्षा मंत्री की ओर से चादर चढ़ाई गई

अजमेर (एजेन्सी)। अजमेर दरगाह में जारी उर्स के दौरान रविवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से सूफी संत मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर चादर चढ़ाई गई। दरगाह कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष मुनव्वर खान ने सिंह की ओर से चादर पेश की। उन्होंने सिंह द्वारा भेजा गया संदेश भी पढ़ा। संदेश में सिंह ने कहा कि ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती ने भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि उर्स में सभी धर्मों और सम्प्रदायों के लोग श्रद्धा की भावना के साथ शामिल होते हैं।

बिधूड़ी ने प्रियंका गांधी पर विवादित बयान देकर माफी मांगी

नई दिल्ली (एजेन्सी)। कालकाजी से भाजपा उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी ने प्रियंका गांधी वाड्रा पर विवादित बयान देकर दिल्ली की राजनीति गरमा दी है। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने बिधूड़ी के बयान की आलोचना की है। कांग्रेस ने बिधूड़ी से माफी की मांग की है। इन सब के बीच बिधूड़ी ने अपने बयान पर सफाई दी और साथ ही उन्होंने माफी भी मांगी। रमेश बिधूड़ी ने एक्स पर एक पोस्ट में माफी मांगते हुए लिखा, 'किसी संदर्भ में मेरे द्वारा दिये गये बयान पर कुछ लोग गलत धारणा से राजनैतिक लाभ के लिए सोशल मीडिया पर बयान दे रहे है। मेरा आशय किसी को अपमानित करने का नहीं था। परंतु फिर भी अगर किसी भी व्यक्ति को दुख हुआ है तो मैं खेद प्रकट करता हूं।' मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा, 'अगर मेरी टिप्पणी से किसी को ठेस पहुंची है तो मैं इस पर खेद व्यक्त करता हूं और अपने शब्द वापस लेता हूं।' रमेश बिधूड़ी ने अपने बयान पर सफाई देते हुए कहा, 'लालू यादव, जो उनकी (कांग्रेस) सरकार में मंत्री थे, ने जो कहा था कि उन्हें सबसे पहले हेमा मालिनी के बारे में जो कहा उसके लिए माफी मांगनी चाहिए।

प्रधानमंत्री मोदी ने साहिबाबाद और न्यू अशोक नगर के बीच नमो भारत कॉरिडोर का किया उद्घाटन

संजना भारती/पीआईबी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में 12,200 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ाना और यात्रा को आसान बनाना सुनिश्चित करना है। प्रधानमंत्री ने साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन से न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन तक नमो भारत ट्रेन में यात्रा भी की।

इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दिल्ली-एनसीआर को केन्द्र सरकार की ओर से एक महत्वपूर्ण उपहार मिला है और आगे कहा कि भारत की शहरी गतिशीलता का और विस्तार हुआ है। श्री मोदी ने नमो भारत ट्रेन में साहिबाबाद से

न्यू अशोक नगर तक की अपनी यात्रा को याद करते हुए कहा कि यह ट्रेन विकसित भारतीय शहरों में सार्वजनिक परिवहन के भविष्य को दशार्ती है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कई युवाओं से बातचीत की, जो खुशी और उम्मीद से भरे हुए थे। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि नमो भारत परियोजना पूरी हो जाने के बाद दिल्ली-मेरठ मार्ग पर यातायात में महत्वपूर्ण बदलाव आएगा। उन्होंने दिल्ली-एनसीआर के लोगों को हार्दिक बधाई दी। श्री मोदी ने कहा, आज का दिन भारत की आधुनिक अवसंरचना यात्रा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि का दिन है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत का मेट्रो नेटवर्क अब 1,000 किलोमीटर तक पहुंच गया है और इसे एक उल्लेखनीय उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि 2014 में, जब देश ने उन्हें अवसर दिया, तब भारत मेट्रो कनेक्टिविटी के मामले में दुनिया के शीर्ष दस देशों में भी नहीं था और हालांकि, पिछले दस वर्षों में, भारत मेट्रो नेटवर्क के मामले में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश बन गया है।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि उनकी सरकार के मौजूदा कार्यकाल के दौरान, भारत के पास दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क होगा।

हरियाणा के मुख्यमंत्री के सम्मान में अभिनन्दन समारोह का आयोजन

यूपी में भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने नॉन स्टॉप विकास किया है: सीएम सैनी

संजना भारती संवाददाता

चंडीगढ़। सैनी शिक्षा प्रसार समिति, सहारनपुर उत्तर प्रदेश द्वारा रविवार को इस्लामनगर रामपुर मनिहारन स्थित मंडपम पैलेस में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सम्मान में स्वागत व अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पहुंचने पर उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के राज्यमंत्री जसवंत सिंह, भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। इस मौके पर हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली भी उपस्थित रहे।

अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मुझे माँ शाकुम्भरी देवी और माँ बाला सुंदरी के पावन चरणों में बसी इस नगरी में आने का अवसर मिला है। समारोह में आमंत्रित करने के लिए सैनी शिक्षा प्रसार समिति का आभार भी प्रकट किया। उन्होंने जनता का आभार व्यक्त करते हुए

सीएम ने युवाओं से शिक्षित बन समाज की तरक्की में योगदान देने का किया आह्वान

कहा कि मैं आपके स्वागत और अभिनंदन से अभिभूत हूँ और दिल से आपका धन्यवाद करता हूँ। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हमारे समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। उन्होंने कहा कि जनता ने मुझे जो सम्मान की पगड़ी दी है, मैं उसका सम्मान कभी कम नहीं होने दूँगा। मैं समाज के गौरव को बढ़ाने का काम करूंगा। इस अवसर पर उन्होंने देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले, चंडीगढ़ के रॉक गार्डन के निर्माता नेक चंद सैनी और अन्य महान विभूतियों को याद कर नमन किया।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने उत्तर प्रदेश में अपराधियों और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़े कदम उठाते हुए जनता को भयमुक्त और सुरक्षित माहौल देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि जनता उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 में होने वाले चुनाव में कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों को सबक सिखाने का काम करेगी और यूपी में मोदी जी और योगी जी के नेतृत्व में प्रचंड बहुमत से भाजपा सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि यूपी के क्षेत्रीय दलों ने गरीबों के कल्याण के लिए पहले कभी कुछ नहीं किया जबकि भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने नॉन स्टॉप विकास किया है और किसान और गरीब को समृद्ध बनाने का काम किया है।

राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश जसवंत सिंह सैनी ने कहा कि एक साधारण कार्यकर्ता को मुख्यमंत्री बनाने का काम केवल भाजपा ही कर सकती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सौम्यता, सादगी व अनुशासन के कारण ही हरियाणा में भाजपा सरकार बनी। इस अवसर पर बीजेपी के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप सैनी एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

समाज में लोगों को न्याय दिलाने में वकीलों की अहम भूमिका: सांसद नवीन जिंदल

सांसद ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लेकर सुनी समस्याएं

एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार

कैथल। सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि समाज में लोगों को न्याय दिलाने में वकीलों की अहम भूमिका है। वकील अपना काम इमानदारी से कर रहे हैं। तभी लोगों की न्याय व्यवस्था के प्रति आस्था कायम है। सांसद बार एसोसिएशन द्वारा बार रूम में गत शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा में स्किल डेवलपमेंट एवं अन्य कई विषयों को लेकर उनका जो विजन है। उसमें वकीलों के सहयोग की बेहद आवश्यकता है। यदि सभी लोग एकजुट होकर कार्य करें तो लक्ष्य की प्राप्ति से कोई नहीं रोक सकता। सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि पार्टीबाजी

■ 'पार्टीबाजी केवल चुनाव तक होती है। उसके बाद सभी को मिलजुल कर समाज एवं देश के विकास के लिए काम करना होता है। इसी नीति पर सभी काम करें'

केवल चुनाव तक होती है। उसके बाद सभी को मिलजुल कर समाज एवं देश के विकास के लिए काम करना होता है। इसी नीति पर सभी काम करें। उन्होंने बार एसोसिएशन के लिए दो वाटर कूलर, सीसीटीवी कैमरे, साउंड सिस्टम आदि उपलब्ध कराने की घोषणा की तथा अन्य जो मांगे रखी गई उन्हें विचार हेतु सरकार के समक्ष भिजवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर बार एसोसिएशन की ओर से सांसद को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रधान बलिंदर सिंह मलिक, उप प्रधान विनय गर्ग, सचिव गौरव वधवा, सह सचिव सुमन, कोषाध्यक्ष इंद्रजीत माटा, पूर्व प्रधान वेद प्रकाश ढुल, एडवोकेट मनोज दुआ, एडवोकेट नवनीत गोयल, करण कालडा, एडवोकेट अरविंद खुरानिया, सुलतान राणा, धर्मवीर भोला, पूर्व प्रधान कृष्ण लाल भारद्वाज, एडवोकेट दलवीर पूनिया, पूर्व प्रधान सुभाष चुघ, एडवोकेट रमेश राणा, राकेश खानपुर व हरदीप सहित सदस्य एवं अधिवक्ता उपस्थित रहे।

मनोहर लाल पहुंचे चुलकाना धाम

समाज में अच्छे के लिए अच्छाई का वातावरण देना जरूरी है: मनोहर लाल

एसबी संवाददाता

चंडीगढ़। केन्द्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल रविवार सायं पानीपत जिला में गांव चुलकाना स्थित धाम पहुंचें और प्रसिद्ध श्याम मंदिर में माथा टेका। गांव की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में अच्छाई प्रदान करने के लिए अच्छाई का वातावरण देना जरूरी है जो की प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। आज पूरे विश्व में कोई भी भारत देश के सामने आंख उठाकर नहीं देख सकता यही मोदी की गारंटी है।

श्री मनोहर लाल ने कहा कि उन्होंने वर्ष 2025 में गांव दर्शन की यात्रा गांव चुलकाना से शुरू करने का मन बनाया था जो की श्याम बाबा के दर्शन करके शुरू की जा रही है। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश में गरीबों की सभी सुख सुविधाओं के लिए सरकार काम कर रही है। विकास के लिए पैसे की कोई भी कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने चुलकाना गांव में आगामी 6 माह में व्यायाम एवं योगशाला बनवाने का भी आश्वासन दिया और कहा कि इस योगशाला की चारदीवारी की जाएगी। उसमें पेड़ पौधे भी लगाए जाएंगे। इसके लिए उन्होंने ग्राम पंचायत से दो एकड़ भूमि भी उपलब्ध

करवाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि यह सबसे बड़ी खुशी है कि गांव में बिना पर्ची बिना खर्च करीब चार सौ नौकरियां लगी हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वह चुलकाना गांव में 10-15 लोगों की टीम बनाकर 300 गरीब परिवारों की लिस्ट तैयार कर ले और ताकि उन परिवारों के युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित कर उनका स्वरोजगार स्थापित करवाया जा सके।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि रोटी कपड़ा और मकान के साथ-साथ सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान देने का भी काम किया है और यह भविष्य में भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि आज गांव में 24 घंटे बिजली दी जा रही है जिसका अनुसरण दूसरे प्रदेश भी कर रहे हैं। इस अवसर पर समालखा विधायक मनमोहन भडाना भी उपस्थित थे।

मानवता की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा: हरविंद्र कल्याण

वंचित बच्चों की मदद के लिए आगे आएं: विधानसभा अध्यक्ष

एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी

करनाल। हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष श्री हरविंदर कल्याण ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को जीवन मे पढ़ने और आगे बढ़ने का अधिकार है। समाज मे कुछ बच्चे किसी कारणवश अपने अधिकारों से वंचित रह जाते है। सरकारे अपने स्तर पर ऐसे बच्चों का सहयोग करती है, लेकिन समाज का भी दायित्व बनता है कि ऐसे बच्चों की मदद के लिए आगे आएं।

विधानसभा अध्यक्ष रविवार को स्थानीय फूसगढ़ रोड पर स्थित एमडीडी बाल भवन मे संस्थान के 25वें स्थापना वर्ष पर आयोजित सिल्वर जुबली कार्यक्रम मे बतौर मुख्यतिथि बोल रहे थे। इससे पूर्व उन्होंने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की और एमडीडी बाल भवन की संचालक समिति व बच्चों को इस शुभ अवसर की शुभकामनायें दी। विधानसभा अध्यक्ष श्री हरविंद्र कल्याण ने कहा कि मानवता की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है। कुछ सामाजिक संस्थाए सच्चाई व सेवा के संकल्प के साथ विपरीत परिस्थितियों और संसाधनों के आभाव मे भी सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ा रही है। सेवा के ऐसे संकल्प को समाज का सहयोग भी अवश्य मिलता है।

एमडीडी बाल भवन की पूरी टीम भी पिछले 25 वर्षों से इसी संकल्प के साथ बच्चों के हित को सर्वोपरि रखते हुए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार भी अंत्योदय की भावना के साथ समाज के वंचित वर्ग को ऊपर उठाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए संस्था को सरकार की ओर से भरपूर सहयोग देने की भी बात कही। उन्होंने आह्वान किया कि समाज के साधन सम्पन्न लोग इस प्रकार के सामाजिक कार्य करने वाले संस्थानों का सहयोग करने के लिए आगे आए ताकि समाज का वंचित वर्ग जीवन मे आगे बढ़ सके। आयोजक समिति द्वारा मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया।

इस मौके पर निदेशक पी आर नाथ, सुषमा नाथ, श्रवण एवं वाणी निष्कतजन कल्याण समिति हरियाणा की चेयरपर्सन मेघा भंडारी, समाजसेवी सुरेन्द्र गुप्ता, समाजसेवी शशि धरण, के आर मनोज, भाजपा कार्यकर्त्ता शमशेर सिंह नैन, अध्यक्ष सरदार परमिंदर पाल सिंह, सदस्य सुरेंद्र सिंह मान, शाम सुन्दर परुथी, डॉ कमल चराया, अविनाश कुमारी, लाभ सिंह लाठर, राजीव वर्मा, सुभाष वधावन, नरिंदर सिंह, दिनेश बक्शी, राजेश कुमार, रजनीश चौधरी सहित बड़ी संख्या मे समाजसेवी तथा बच्चे उपस्थित रहे।

नव प्रशिक्षित वनरक्षक प्रकृति संरक्षण का कार्य आधुनिक तकनीक के समन्वय से पूर्ण निष्ठा के साथ करें: केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री

एसबी संवाददाता

जयपुर। केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेन्द्र यादव के मुख्य आतिथ्य एवं पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा की अध्यक्षता में रविवार को अलवर के ग्राम ठेकडा स्थित राजस्थान पुलिस ट्रेनिंग स्कूल में वानिकी सैटेलाईट प्रशिक्षण संस्थान, राजस्थान वानिकी एवं वन्यजीव प्रशिक्षण संस्थान जयपुर के 119वें वनरक्षक आधारभूत प्रशिक्षण सत्र के पासिंग आउट परेड एवं समापन समारोह तथा 120वें वनरक्षक आधारभूत प्रशिक्षण सत्र के उद्घघाट्न समारोह का कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें अतिथियों ने पास आउट वनरक्षकों की परेड का निरीक्षण किया एवं परेड की सलामी ली। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

केंद्रीय मंत्री श्री यादव ने वनरक्षक प्रशिक्षुकों को पासिंग परेड की बधाई व शुभकामनाएं देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर कहा कि दीक्षांत परेड के सहभागी का प्रशिक्षण प्राप्त करने से केरियर का नया अध्याय प्रारम्भ हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण से तकनीकी कुशलता, प्रक्रियागत एवं कानूनी जानकारी के साथ टीम भावना का विकास होता है। यह प्रशिक्षण प्रशिक्षुओं के जीवन का मुख्य पड़ाव बनने में साबित होगा। उन्होंने कहा कि यह नौकरी ही नहीं बल्कि प्रकृति के प्रति ट्रस्टी के

रूप में कार्य करने का उत्तम अवसर है। वन मंत्रालय निरन्तर पर्यावरण संतुलन एवं वन्यजीवों के संरक्षण के लिए तत्परता के साथ कार्य कर रहा है, जिसमें वनरक्षकों का प्रमुख कर्तव्य है कि वे वन एवं वन्यजीवों की रक्षा की जिम्मेदारियों को मुस्तैदी से पूरा करें।

उन्होंने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि फोरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया की वन मंत्रालय द्वारा जारी नवीनतम द्विवार्षिक रिपोर्ट में देश के वन क्षेत्रफल में वृद्धि हुई है। भारत ने अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जो तीन बडें क्वांटिटी ऑफ कॉन्ट्रेब्यूशन तय किये थे उनमें भारत दुनिया में जलवायु परिवर्तन प्रगति के कारण जो कार्बन उत्सर्जन होता है उसमें 40 प्रतिशत कटौती करेगा और यह लक्ष्य 2030 तक के लिए तय किया था लेकिन यह लक्ष्य हमने समय से 9 साल पहले पूरा कर ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है। दूसरा लक्ष्य रिन्यूबल एनर्जी क्षमता को बढा कर 45 प्रतिशत करेगे यह लक्ष्य भी 2030 तक पूरा करना था लेकिन यह लक्ष्य हमने 2021 में ही प्राप्त कर लिया है और भारत ने रिन्यूबल एनर्जी की क्षमता को बढ़ाकर 50 प्रतिशत तय किया है तथा तीसरा लक्ष्य विशेष रूप से विभाग से संबंधित है जो ग्रीन कार्बन सिंक एरिया को बढ़ाकर 33 प्रतिशत का लक्ष्य था उस लक्ष्य को लेकर जो वन विभाग की रिपोर्ट आई है वह 2.90 गीगा टन कार्बन सिंक के लक्ष्य को 2030 तक प्राप्त कर लिया जाएगा। श्री यादव ने कहा कि हमने 50 वर्ष पहले नेशनल टाईगर कन्जर्वेशन पर काम करना शुरू किया था तब सिर्फ नौ टाईगर रिजर्व थे और अब टाईगर रिजर्वों की संख्या बढकर 57 हो गई है देश में 53 हजार वर्ग किलोमीटर एरिया टाईगर रिजर्व क्षेत्र के अन्तर्गत आता है। उन्होंने कहा कि वन्य जीवों के अवैध व्यापार को रोकने में भी कामयाब हुए है। भारत ने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम एवं फॉरेस्ट कन्जर्वेशन एक्ट में भी सुधार किया है। दुनिया के 5 बिग केट में से भारत में दुनिया के 70 प्रतिशत बाघ, करीब 70 प्रतिशत हाथी तथा शत-प्रतिशत एशियाई शेर मौजूद हैं और चीता पुनर्वास का कार्य एक महाद्वीप से दूसरे महाद्वीप में कर भारत ने दुनिया को एक नई दिशा दी है। वन मंत्रालय का एग्रो फोरेस्ट्री को बढ़ावा देने के साथ-साथ वन क्षेत्र के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की महिला सहायता समूह को वानिकी उपज से संबंधित प्रशिक्षण देने का कार्य किया जा रहा है जिससे उनकी आजीविका के साथ वन संरक्षण भी हो सके।

पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा ने बुनियादी प्रशिक्षण के पश्चात दीक्षांत परेड में शामिल प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएं देकर कहा कि वें वनरक्षक के रूप में वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा व संरक्षण का दायित्व का निर्वहन करने के साथ-साथ वन क्षेत्र के आसपास के ग्रामवासियों के हितों की रक्षा का भी कार्य करें। मानव जीवन के लिए प्रकृति का संरक्षण महत्वपूर्ण विषय है। उसकी सुरक्षा का दायित्व मिलना एक राजकीय कार्य के साथ पुनीत कार्य भी है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव के द्वारा वन एवं वन्यजीव संरक्षण के लिए उठाए गए कदमों की सराहना करते हुए कहा कि श्री यादव ने राज्य के वन एवं वन्यजीव संरक्षण के लिए आगे बढकर सहयोग किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की एक पेड मां के नाम अभियान के अन्तर्गत मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के हरियालो राजस्थान अभियान के बारे में अवगत कराते हुए सभी से आह्वान किया कि अधिकाधिक पेड लगाकर पर्यावरण के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

जनजातीय संस्कृति के संरक्षण के लिए पूरी तत्परता से कार्य कर रहा देश: योगी

(एजेन्सी)।

लखनऊ। पांच जनवरी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि पूरा देश जनजातीय संरक्षण के लिए पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री ने जनजातीय युवा संवाद कार्यक्रम-2025 के तहत रविवार को अपने सरकारी आवास पर ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश के युवाओं से संवाद किया। इस दौरान युवाओं ने अपनी बातें रखीं और अपने राज्य की सांस्कृतिक झलक भी प्रस्तुत की। एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में जनजातीय संस्कृति के संरक्षण के लिए देश पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है। इसके लिए अनेक कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी ने 15 नवंबर की तिथि को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती (जनजातीय दिवस) के रूप में घोषित की। योगी ने कहा कि स्वतंत्र भारत में पहली बार राष्ट्रपति पद पर जनजातीय महिला (द्रौपदी मुर्मू) भारत के गौरव को नयी ऊंचाई तक पहुंचाने में योगदान दे रही हैं।

सम्पादकीय

बुंदेलखंड का कायाकल्प

योगी सरकार ने बुंदेलखंड के कायाकल्प की एक और पहल की है। इस पहल के तहत सरकार झांसी एवं जालौन को जोड़ने वाले एक और लिंक एक्सप्रेसवे बनाएगी। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे से जोड़ने की पहल सरकार पहले ही कर चुकी है। साल 2024 के जाते झांसी-जालौन लिंक एक्सप्रेसवे की सौगात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की संकल्पना के अनुसार बुंदेलखंड के कायाकल्प का एक और जरिया बनेगी। झांसी-जालौन लिंक एक्सप्रेसवे की लंबाई करीब 115 किलोमीटर होगी। इससे डिफेंस कॉरिडोर का औद्योगिक इको सिस्टम और बूस्ट करेगा। साथ ही सरकार द्वारा झांसी और कानपुर के बीच नोएडा से भी बड़ा, झांसी के 33 गांवों को मिलाकर 36 हजार एकड़ में बनने वाले औद्योगिक शहर में भी निवेशकों का आकर्षण बढ़ेगा। इसके लिए सरकार बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) के गठन का काम भी शुरू कर चुकी है। इन सबका लाभ सीधी और स्पीडी कनेक्टिविटी मिलने से लखनऊ, कानपुर, आगरा, चित्रकूट और झांसी के डिफेंस कॉरिडोर के नोड को मिलेगा। इसी तरह 15.2 किलोमीटर वाले चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे के बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से जुड़ जाने के बाद चित्रकूट के पर्यटन और इस नोड में स्थापित होने वाली डिफेंस कॉरिडोर की इकाइयों को भी खासा फायदा मिलेगा। मालूम हो कि चित्रकूट ही वह क्षेत्र है जहां वनवास के दौरान भगवान श्रीराम ने सीता और लक्ष्मण सहित सर्वाधिक समय गुजारा था। यहीं भरत उनको मनाने भी आए थे। ऐसे में इसका अच्छा खासा धार्मिक महत्व है। भगवान श्रीराम से जुड़े स्थलों को देखने बड़ी संख्या में यहां श्रद्धालु आते हैं। सरकार चित्रकूट के विकास के साथ इसे एयरपोर्ट से भी जोड़ चुकी। अब सड़क कनेक्टिविटी ठीक होने से चित्रकूट में पर्यटकों की आवाजाही और बढ़ेगी। इसका भी लाभ स्थानीय लोगों को मिलेगा। सुदृढ़ कनेक्टिविटी से ललितपुर में दो चरणों में करीब 1500 एकड़ में बन रहे फार्मा पार्क में भी औद्योगिक माहौल तेजी से बनेगा। इस पर तो तेजी से काम भी शुरू हो चुका है। इस बाबत जिन गांवों की जमीनों को चिन्हित किया गया था उनमें से करीब 70 फीसद का अधिग्रहण हो चुका है। करीब 1300 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला झांसी-जालौन लिंक एक्सप्रेसवे शुरू में चार लेन का होगा। भविष्य में इसे छह लेन तक विकसित किया जा सकेगा। इसमें जमीन अधिग्रहण की ही अनुमानित लागत 228 करोड़ रुपये है। सरकार इस बाबत दो किश्तों में 220 करोड़ रुपये मंजूर भी कर चुकी है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश का बुंदेलखंड और पूर्वांचल विकास की दौड़ में पीछे रह गए थे। इन दोनों क्षेत्रों का विकास योगी सरकार की प्राथमिकता है। इन दोनों क्षेत्रों के औद्योगिक विकास के लिए सरकार ने विशेष औद्योगिक प्रोत्साहन नीति लागू कर रखी है। इसी नाते हर योजना में जरूरत के अनुसार सरकार इन दोनों क्षेत्रों को तरजीह देती है। मसलन खेतीबाड़ी के लिए यूपी एग्रीज योजना में भी बुंदेलखंड एवं पूर्वांचल के जिले ही शामिल हैं। बुंदेखंड सोलर एनर्जी का भी हब बन रहा है। बांदा में अवाडा इंडा कंपनी द्वारा स्थापित सोलर पार्क में बिजली उत्पादन शुरू हो चुका है। झांसी, ललितपुर, चित्रकूट और जालौन में भी योगी सरकार सोलर पार्क विकसित कर रही है। इससे बिजली तो मिलेगी ही, स्थानीय स्तर पर रोजगार के मौके भी मिलेगा। उद्योगों के अलावा बुंदेलखंड के पिछड़ेपन और इस वजह से होने वाले पलायन की समस्या की बड़ी वजह रही है पानी की कमी। सरकार लगातार खेतों और लोगों की प्यास बुझाने के लिए काम कर रही है। अर्जुन सहायक नहर जैसी बड़ी परियोजना पूरी करने के साथ इस सरकार ने करीब 5 से 6 दर्जन छोटी और मझोली परियोजनाओं को पूरा किया। केन बेतवा लिंक, जिसका हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिलान्यास किया, वह भविष्य में बुंदेलखंड के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। सिर्फ यूपी के लिए ही नहीं मध्यप्रदेश के लिए भी।

जयंती

कमलेश्वर

जन्म-6 जनवरी, 1932; मृत्यु-27 जनवरी, 2007) बीसवीं शती के सबसे सशक्त लेखकों में से एक हैं। कहानी, उपन्यास, पत्रकारिता, स्तंभ लेखन, फि ल्म पटकथा जैसी अनेक विधाओं में उन्होंने अपनी लेखन प्रतिभा का परिचय दिया। इन्होंने अनेक हिन्दी फि ल्मों के लिए पटकथाएँ लिखीं तथा भारतीय दूरदर्शन श्रृंखलाओं के लिए दर्पण, चन्द्रकान्ता, बेताल पच्चीसी, विराट युग आदि लिखे। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन पर आधारित पहली प्रामाणिक एवं इतिहासपरक जन-मंचीय मीडिया कथा ह्यहिन्दुस्तां हमाराह्न का भी लेखन किया।

पुण्यतिथि

त्यागराज

जन्म-4 मई, 1767, तंजावुर, तमिलनाडु; मृत्यु-6 जनवरी, 1847) प्रसिद्ध संगीतज्ञ

थे। वे 'कर्नाटक संगीत' के महान ज्ञाता तथा भक्तिमार्ग के कवि थे। इन्होंने भगवान श्रीराम को समर्पित भक्ति गीतों की रचना की थी। उनके सर्वश्रेष्ठ गीत अक्सर धार्मिक आयोजनों में गाए जाते हैं। त्यागराज ने समाज एवं साहित्य के साथ-साथ कला को भी समृद्ध किया था। उनकी विद्वता उनकी हर कृति में झलकती है, हालांकि 'पंचरत्न' कृति को उनकी सर्वश्रेष्ठ रचना कहा जाता है। त्यागराज के जीवन का कोई भी पल श्रीराम से जुदा नहीं था। वह अपनी कृतियों में भगवान राम को मित्र, मालिक, पिता और सहायक बताते थे।

कल मिलेंगे

सास (बहू से)-भगवान ने तुम्हें दो-दो आंखें सिर्फ मोबाईल देखने के लिए नहीं दी हैं, कुछ नहीं तो चावल से 2-4 कंकड़ ही बीन दिया करो

बहू-भगवान ने आपको भी 16-16 दांत सिर्फ मेरी बुराई करने के लिए नहीं दिए हैं, 2-4 पत्थर भी चबा लिया करो...

संजना भारती दैनिक

भगवान शंकर जी के 11वें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक-**संजय कुमार** द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-41, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित तथा ए-281सी, गली नं. 3, ए-ब्लॉक, अम्बिका विहार, शिव विहार, दिल्ली-110094 से प्रकाशित। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत संपादक उत्तरदायी।

RNI No. : DELHIN/2016/70240

Phone No.: 9871221635

E-mail ID: sanjanabharati16@gmail.com

(किसी भी वाद-विवाद में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही होगा।)

अपनों के निशाने पर कांग्रेस पार्टी

हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस अपनी जीत तय मानकर आम आदमी पार्टी से गठबंधन करने से इनकार कर दिया था। जिसके चलते आम आदमी पार्टी ने कई सीटों पर अकेले ही चुनाव लड़कर 1.8 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे। जबकि हरियाणा में कांग्रेस को 39.34 प्रतिशत वोट व भाजपा को 39.94 प्रतिशत वोट मिले थे। यदि हरियाणा में कांग्रेस आम आदमी पार्टी से समझौता करके चुनाव लड़ती तो निश्चय ही सरकार बन सकती थी

-रमेश सर्राफ धमोरा

कांग्रेस पार्टी इन दिनों अपने ही साथी दलों के निशाने पर है। भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों के संयुक्त इंडिया गठबंधन में शामिल विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा कांग्रेस पार्टी से इंडिया गठबंधन का नेतृत्व वापस लेने की मांग की जा रही है। इंडिया गठबंधन में शामिल बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी खुले आम कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व पर सवाल उठा रही है। उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने प्रेस कांफ्रेंस करके कांग्रेस पार्टी को इंडिया गठबंधन के नेता पद से हटाने की मांग की हैं। ममता बनर्जी की मांग के समर्थन में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने भी अपनी सहमति जताई है। इससे इंडिया गठबंधन की स्थिति लगातार कमजोर हो रही है।

जून 2023 में 26 विपक्षी दलों के साथ बना इंडिया गठबंधन अब टूट के कगार पर खड़ा है। लोकसभा चुनाव में मिली हार और उसके बाद हरियाणा व महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में हुई पराजय ने इस गठबंधन को कमजोर कर दिया है। इसी के चलते कांग्रेस के सहयोगी दल ही उसकी नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठाकर अलग राह पकड़ने के संकेत दे रहे हैं। हाल ही में दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी ने तो कांग्रेस को इंडिया गठबंधन से बाहर निकलवाने तक की धमकी दे दी है। कांग्रेस द्वारा दिल्ली विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने की घोषणा के बाद से ही आम आदमी पार्टी कांग्रेस से खासी नाराज नजर आ रही है। पार्टी नेताओं का कहना है कि कांग्रेस जिस तरह से चुनाव लड़ रही है उससे भाजपा को लाभ मिल रहा है। कांग्रेस नेता अजय माकन व संदीप दीक्षित के बयान विपक्ष को कमजोर करने के लिए भाजपा के कहने पर दिए जा रहे हैं। समाजवादी पार्टी, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद पवार), नेशनल कांफ्रेंस तो खुलकर कांग्रेस की मुखालफत करने लगी है।

हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस अपनी जीत तय मानकर आम आदमी पार्टी से गठबंधन करने से इनकार कर दिया था। जिसके चलते आम आदमी पार्टी ने कई सीटों पर अकेले ही चुनाव लड़कर 1.8 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे। जबकि हरियाणा में कांग्रेस को 39.34 प्रतिशत वोट व भाजपा को 39.94 प्रतिशत वोट मिले थे। यदि हरियाणा में कांग्रेस आम आदमी पार्टी से समझौता करके चुनाव लड़ती तो निश्चय ही सरकार बन सकती थी। मगर कांग्रेस ने अवसर गवां दिया और वहां भाजपा ने आसानी से तीसरी बार पहले से भी अधिक बहुमत से सरकार बना ली। उत्तर प्रदेश विधानसभा के उपचुनाव में तो समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस के लिए एक भी सीट नहीं छोड़ी थी। जबकि लोकसभा चुनाव कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने मिलकर ही लड़ा था।

महाराष्ट्र में कांग्रेस नीत महा विकास अघाड़ी की करारी हार होने के बाद शिवसेना (यूबीटी) ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधते हुए कहा था कि कांग्रेस ने हरियाणा में आप और समाजवादी पार्टी को सीट ना देकर गलती की थी। पार्टी के मुखपत्र सामना में भी लिखा गया कि कांग्रेस नेताओं के अति आत्मविश्वास और घमंड ने हरियाणा में हार के लिए भूमिका निभाई। पार्टी नेता संजय राउत ने तो यहां तक कह दिया कि कांग्रेस को लगने लगा था कि वह अकेले ही जीत सकती है। इसलिए किसी को भी सत्ता में भागीदार बनाना उचित नहीं समझा था।

पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 99 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। कांग्रेस कुल 329 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। जिसमें से 145 सीटों पर बिना किसी गठबंधन की अकेले चुनाव लड़ी थी। जिसमें कांग्रेस 37 सीटों पर चुनाव जीती थी। कांग्रेस का बिना किसी दल से गठबंधन में जीत का रेशियो 25.52 प्रतिशत रहा था। जबकि कांग्रेस 184 सीटों पर साथी दलों से गठबंधन करके चुनाव लड़ी थी। इसमें कांग्रेस ने 62 सीट जीती थी और जीत का रेशियो 33.75 प्रतिशत रहा था। इस तरह से देखे तो कांग्रेस पार्टी को अकेले चुनाव लड़ने की बजाय गठबंधन साथियों की बदौलत बड़ी जीत हासिल हुई थी। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 13 करोड़ 67 लाख 59 हजार 64 यानी 21.29 प्रतिशत वोट मिले थे। गठबंधन करने के कारण 2019 की तुलना में 2024 में कांग्रेस को 1.91 प्रतिशत अधिक वोट मिले थे।

कांग्रेस पार्टी ने पंजाब, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, गोवा, कर्नाटक, लक्षद्वीप, मणिपुर, मेघालय, नागालैंड, उड़ीसा, तेलंगाना व पश्चिम बंगाल में अपने बूते चुनाव लड़ा था। जबकि बिहार, गुजरात हरियाणा झारखंड, केरल, महाराष्ट्र, पांडिचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश में गठबंधन करके चुनाव लड़ा था। अंडमान निकोबार दीप समूह, आंध्र प्रदेश, दादरा नगर हवेली व दमन दीव, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, लद्दाख, मध्य प्रदेश, मिजोरम, सिक्किम, त्रिपुरा, उत्तराखंड ऐसे प्रदेश है जहां लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुल सका था। हरियाणा विधानसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस को सबसे बड़ा झटका महाराष्ट्र में लगा जहां उनकी सीटे 44 से घटकर 16 रह गई। महाराष्ट्र में कांग्रेस शिवसेना (यूबीटी) व राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के साथ महाविकास अघाड़ी बनाकर चुनाव मैदान में उतरी थी। वहां कांग्रेस सबसे अधिक 101 सीटों पर चुनाव लड़ी जिसमें महज 16 सीट ही जीत पाई। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 80 लाख 20 हजार 921 वोट मिले जो कुल मतदान का 12. 42 प्रतिशत थे। महाराष्ट्र में कांग्रेस की जीत का स्ट्राइक रेट 15.38 प्रतिशत ही रहा।

संसद का शीतकालीन सत्र का समापन हो चुका है। जिसमें अधिकांश समय कांग्रेस ने अदानी मुद्दे को लेकर संसद नहीं चलने दी। इससे संसद का कार्य पूरी तरह प्रभावित रहा। इसको लेकर भी कांग्रेस की सहयोगी तृणमूल कांग्रेस, सपा ने कांग्रेस को घेरते हुये आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर बहस नहीं होने देना चाहती है तथा सिर्फ अदानी मुद्दे को ही जिंदा रखे हुए हैं। यदि संसद चलती तो कई तरह के मुद्दों पर सरकार को घेरा जा सकता था।

इंडिया अलायंस में जिस तरह की खटपट वर्तमान समय में चलने लगी है वह अलायंस के लिए शुभ नहीं मानी जा सकती है। अलायंस में शामिल दल ही विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस के नेतृत्व को नकारने लगे है इससे बुरी बात कांग्रेस पार्टी के लिए और क्या हो सकती है। लोकसभा चुनाव में जिस तरह से विपक्षी पार्टियों ने एकजुट होकर इंडिया गठबंधन बनाकर केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा को कड़ी टक्कर दी थी। वही गठबंधन अब धीरे-धीरे कमजोर पड़ता जा रहा है। आने वाले समय में दिल्ली विधानसभा के चुनाव होने हैं। वहां भाजपा चुनाव जीतने की पूरी रणनीति बनाने में जुटी हुई है। आम आदमी पार्टी चाहती है कि वह दिल्ली की सत्ता पर फिर से काबिज हो। मगर कांग्रेस का रवैया देखकर आम आदमी पार्टी भी सकते में है। पार्टी के नेता कांग्रेस को वोट कटवा के रूप में देख रहे हैं तथा खुले आम भाजपा की बी टीम के रूप में काम करने का आरोप लगा रहे हैं। कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों की दो सूची जारी कर दी है। शेष सीटों पर भी जल्दी ही प्रत्याशियों के नाम घोषित करने की तैयारी चल रही है। यदि दिल्ली चुनाव में आम आदमी पार्टी पराजित हो जाती है तो इंडिया गठबंधन के ताबूत में वह आखरी कील साबित होगी।

कांग्रेस को यदि इंडिया गठबंधन को बचाना है तो अपने सहयोगी क्षेत्रीय दलों की भावनाओं को समझ कर फैसला करना होगा। तभी कांग्रेस अपने राजनीतिक वजूद को बचा पाएगी। इंडिया गठबंधन टूटने की स्थिति में कांग्रेस का भी कमजोर होना तय माना जा रहा है। क्योंकि कांग्रेस अकेले भाजपा से मुकाबला नहीं कर सकती है। गठबंधन के साथी दलों की मदद से ही कांग्रेस मजबूत हो सकेगी इस बात से कांग्रेस नेता भी अच्छे से वाकिफ है।

(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है।)

स्कूलों में छात्रों की संख्या का घटना चिन्ताजनक

भारत में शिक्षा प्रणाली लाखों छात्रों के जीवन और भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अपने समृद्ध इतिहास और विविध संस्कृति के साथ, भारत में एक जटिल और विशाल शैक्षिक परिदृश्य है। भारत में शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत पूर्व-प्राथमिक, प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा सहित विभिन्न चरण शामिल हैं। महत्वपूर्ण प्रगति के बावजूद चुनौतियाँ अभी भी बनी हुई हैं

-ललित गर्ग

शिक्षा मंत्रालय के अन्तर्गत शिक्षा के लिए एकीकृत जिला सूचना प्रणाली की ताजा रिपोर्ट के अनुसार भारत में स्कूलों की संख्या बढ़ रही है, पर स्कूली छात्रों की संख्या घट रही है। स्कूली छात्रों की संख्या घटना न केवल चिंताजनक और विचारणीय है बल्कि नये भारत-सशक्त भारत निर्माण की एक बड़ी बाधा भी है। भारत में स्कूलों की संख्या में करीब 5,000 की बढ़ोतरी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्राथमिक, माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक स्तरों सहित 14,89,115 स्कूल हैं। ये स्कूल 26,52,35,830 छात्रों को पढ़ाते हैं। इनमें से कुछ स्कूलों को उनकी प्रतिष्ठा, स्थापना के वर्षों, महत्वपूर्ण स्कूल परिणामों, मार्केटिंग रणनीतियों आदि के कारण उच्च छात्र नामांकन प्राप्त होते हैं लेकिन पर साल 2022-23 व 2023-24 के बीच स्कूली छात्रों के नामांकन में 37 लाख की कमी आई है। यह स्थिति अनेक सवाल खड़े करती है। क्या स्कूली शिक्षा ज्यादातर बच्चों की पहुंच के बाहर है? क्या शिक्षा का आकर्षण पहले की तुलना में घटा है?

भारत में शिक्षा प्रणाली लाखों छात्रों के जीवन और भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अपने समृद्ध इतिहास और विविध संस्कृति के साथ, भारत में एक जटिल और विशाल शैक्षिक परिदृश्य है। भारत में शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत पूर्व-प्राथमिक, प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा सहित विभिन्न चरण शामिल हैं। महत्वपूर्ण प्रगति के बावजूद चुनौतियाँ अभी भी बनी हुई हैं। डेटा एग्रीगेशन प्लैटफॉर्म यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस की यह ताजा रिपोर्ट देश के स्कूली इन्फ्रास्ट्रक्चर में हुए सुधार के साथ ही उन अहम दिक्कतों की भी झलक देती है, जिन्हें दूर किया जाना बाकी है। बुनियादी सुविधाओं की स्थिति बेहतर होने के बावजूद छात्रों की संख्या का घटना गहन विमर्श का विषय है।

शिक्षा मानव-जीवन के विकास का आधार स्तंभ है। शिक्षा के अभाव में मानव-जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती। यह मनुष्य को उत्कृष्टता एवं उच्चता के शिखर पर स्थापित करती है। शिक्षा प्रकाश एवं शक्ति का ऐसा स्रोत है जो नये भारत के विकास का आधार है। जो हमारी शारीरिक, मानसिक, भौतिक और आध्यात्मिक शक्तियों तथा क्षमताओं का निरन्तर सामंजस्यपूर्ण विकास करके नये भारत, सशक्त भारत के निर्माण के संकल्प को मजबूती देता है। देश में पिछले साल के मुकाबले स्कूलों की संख्या तो बढ़ी है, लेकिन छात्रों के नामांकन में गिरावट देखी गई है। जहां स्कूलों की संख्या 14.66 लाख से बढ़कर 14.71 लाख हो गई वहीं इनमें होने वाला छात्रों का नामांकन 25.17 करोड़ से घटकर 24.80 करोड़ हो गया। यह गिरावट कमोबेश सभी श्रेणियों यानी लड़के लड़कियां, ओबीसी, अल्पसंख्यक आदि में है। जहां तक शिक्षा के बीच में छात्रों के स्कूल छोड़ने के मामलों की बात है तो इसमें सेकंडरी स्तर में होने वाली बढ़ोतरी ज्यादा परेशान करने वाली है। मिडल स्कूलों में जो ड्रॉपआउट दर 5.2 प्रतिशत है, वह सेकंडरी स्टेज में आकर 10.9 प्रतिशत हो जाती है। इसके पीछे ओबीसी और एससी-एसटी श्रेणी के छात्रों को दाखिले के दौरान होने वाली जटिल प्रक्रिया, मुश्किलें और किसी अभावग्रस्त छात्र के लिए आर्थिक मदद या छात्रवृत्ति जैसी सुविधाओं की कमी का हाथ हो सकता है।

छात्रों के नामांकन की घटती संख्या को जाति के आधार पर अगर देखें, तो अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के छात्रों के नामांकन में 25 लाख से अधिक, अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के छात्रों में 12 लाख और अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के छात्रों में दो लाख की गिरावट हुई है। नामांकन से वंचित हुए अल्पसंख्यक छात्रों की संख्या तीन लाख है, जबकि इनमें से एक तिहाई मुस्लिम हैं। भारत में नई पीढ़ी को यथोचित शिक्षा नहीं मिल पा रही है। शिक्षा से वंचित रहने के जो कारण हैं, उनमें सबसे बड़ा कारण गरीबी है। सरकारी स्तर पर सरकारों ने गरीब छात्रों के लिए अनेक इंतजाम किए हैं, पर इन इंतजामों का सभी छात्रों तक समान रूप से पहुंचना आसान नहीं है। निचले स्तर पर शिक्षकों और शिक्षा कर्मचारियों को जितना सजग होना चाहिए, उतना सजग वे नहीं हो पा रहे हैं। भारत जैसे देश में शिक्षा एक अभियान है, इसके लिए अगर नियोजित एवं उत्साहपूर्ण माहौल न बनाया जाए, तो गरीब व वंचित बच्चों तक शिक्षा को पहुंचाना चुनौतीपूर्ण है। कोई संदेह नहीं कि किसी भी अभियान में अगर समर्पित लोग आपके पास नहीं हैं, तो फिर उस अभियान की सफलता संदिग्ध हो जाती है।

भारत में शिक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव की जरूरत है। यदि हमें सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त करना है और सही दिशा में आगे बढ़ना है तो कई पहलुओं एवं मोर्चों पर काम करना आवश्यक है। हमारी आजादी के बाद से ही शिक्षा क्षेत्र में कुछ ऐसे मुद्दे हैं जिन्होंने हमें दुनिया में एक विकसित राष्ट्र बनने से रोक दिया है। भारत में एक सभ्य शिक्षा प्रणाली के महत्व की जरूरत को समझते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नयी शिक्षा प्रणाली के अन्तर्गत अनेक प्रयास किये जा रहे हैं। देश की शिक्षा प्रणाली को नया आकार दिया जा रहा है और शिक्षा से जुड़े कई बड़े बदलाव किए जा रहे हैं। प्रणाली को आधुनिक बनाने और व्यावसायिक प्रशिक्षण शुरू करने के प्रयास हो रहे हैं। बहरहाल, यह खुशी की बात है कि अब भारत के 91.7 प्रतिशत स्कूलों तक बिजली पहुंच चुकी है। अभियान चलाकर देश के बाकी बचे स्कूलों तक विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होनी चाहिए। देश में 98 प्रतिशत से ज्यादा स्कूलों तक पेयजल सुविधा के साथ ही टॉयलेट की सुविधा पहुंच चुकी है। स्कूलों को संसाधन संपन्न बनाने के साथ ही शिक्षकों और पुस्तकों की गुणवत्ता एवं स्कूलों को संसाधन के स्तर पर भी बहुत मजबूत करने की जरूरत है। भारत के 60 प्रतिशत स्कूलों में भी कंप्यूटर उपलब्ध नहीं हैं और इंटरनेट की सुविधा वाले स्कूलों की संख्या 50 प्रतिशत से भी कम है। आज के समय में जब हमें बड़े पैमाने पर कुशल कामगारों की जरूरत पड़ेगी, तब किसी का कंप्यूटर शिक्षा से वंचित होना बहुत महंगा पड़ेगा। आज के समय में हर छात्र या हर नागरिक को कंप्यूटर और इंटरनेट का सामान्य ज्ञान होना ही चाहिए। कंप्यूटर आज के समय में विलासिता नहीं, बल्कि महत्वपूर्ण एवं अनिवार्य जरूरत है।

नया भारत बनाने के लिए शिक्षा का बहुत महत्व है। शिक्षा के जरिए ही देश का विकास होता है और समाज में सकारात्मक बदलाव आता है। हालांकि, कई स्कूल अभिभावकों और छात्रों को बनाए रखने और आकर्षित करने के लिए संघर्ष करते हैं। इन संघर्ष की स्थितियां का नियंत्रित होना जरूरी है।

खेल/विदेश/कारोबार/फिल्म

जर्मनी में होने वाली बैठक में यूक्रेन सहयोगियों से हवाई सुरक्षा बढ़ाने का अनुरोध करेगा: जेलेंस्की

(एजेन्सी)।

यूक्रेन। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि वह जर्मनी में इस सप्ताह होने वाली बैठक में अपने सहयोगियों से अपनी हवाई सुरक्षा बढ़ाने का आह्वान करेंगे। जेलेंस्की ने कहा कि जर्मनी के रामस्टीन वायुसेना ठिकाने पर बृहस्पतिवार को होने वाली रामस्टीन समूह की बैठक में दर्जनों साझेदार देश हिस्सा लेंगे, जिनमें वे देश भी शामिल होंगे जो न केवल मिसाइलों से बचाव के लिए, बल्कि निर्देशित बमों और रूसी विमानन के खिलाफ भी हमारी क्षमताओं को बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने शनिवार को अपने रात्रिकालीन संबोधन में कहा, हम उनके साथ इस पर चर्चा करेंगे और उन्हें मनाने का प्रयास जारी रखेंगे। हमारा लक्ष्य अब भी हमारी वायु रक्षा को मजबूत करना है। अमेरिका के रक्षामंत्री लॉयड जे. ऑस्टिन इस बैठक में भाग लेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन अक्टूबर में रामस्टीन में होने वाले शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले थे, लेकिन अमेरिका में आए तूफान मिल्टन के कारण वह शामिल नहीं हो सके। जेलेंस्की यह मांग ऐसे समय करेंगे जब अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को कार्यभार संभालेंगे और लगभग तीन साल से चल रहे युद्ध को शीघ्र समाप्त करने का संकल्प लेंगे।

दक्षिणी गाजा में इजराइल के ताजा हवाई हमलों में कम से कम 15 लोगों की मौत: अस्पताल कर्मी

(एजेन्सी)।

दीर अल-बला (गाजा पट्टी)। दक्षिणी गाजा में तड़के इजराइल की ओर से किए गए हवाई हमलों में एक बच्चे सहित कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। इजराइल की ओर से यह हमला ऐसे समय में किया गया है, जब कतर में युद्ध-विराम वार्ता के लिए नए प्रयास किए जा रहे हैं। अधिकारियों ने हमले के बाद के दृश्य का उल्लेख करते हुए बताया कि एक छोटा लड़का अपने पिता के पास रो रहा था और एक महिला सफेद प्लास्टिक में लिपटे शवों में से एक से लिपटी हुई थी। नासेर अस्पताल के कर्मचारियों के अनुसार, खान यूनिस शहर में तीन हवाई हमलों में एक कार और एक घर नष्ट हो गया, जबकि सड़क पर मौजूद कई लोग मारे गए। हमास संचालित सरकार से संबद्ध प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता सिविल डिफेंस ने बताया कि हवाई हमले में गाजा शहर में सराया परिसर के पीछे का आवासीय क्षेत्र नष्ट हो गया, जिसमें कम से कम पांच लोग मारे गए। इजराइली सेना की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटे में हुए हमलों में कम से कम 59 लोग मारे गए हैं और 270 से अधिक घायल हुए हैं। लगभग 15 महीने की लड़ाई के बाद युद्ध-विराम के लिए कतर की राजधानी दोहा में जारी अप्रत्यक्ष वार्ता पर तत्काल कोई बयान नहीं आया है। हमास आतंकवादी समूह ने शुक्रवार को कहा कि वार्ता फिर से शुरू हो गई है और वह समझौते पर पहुंचने के लिए प्रतिबद्ध है।

अब अविवाहित जोड़े नहीं ले सकेंगे होटल में कमरा: ओयो

(एजेन्सी)।

नई दिल्ली। यात्रा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी ओयो ने मेरठ से शुरूआत करते हुए भागीदार होटलों के लिए एक नयी चेक-इन नीति लागू की है। इसके अनुसार, अविवाहित जोड़ों का अब चेक-इन की अनुमति नहीं दी जाएगी। यानी सिर्फ पति-पत्नी ही होटल में कमरा ले सकेंगे। संशोधित नीति के तहत, सभी जोड़ों को चेक-इन के समय अपने रिश्ते का वैध प्रमाण देने के लिए कहा जाएगा। इसमें ऑनलाइन की गई बुकिंग भी शामिल है। कंपनी ने कहा कि ओयो ने अपने भागीदार होटलों को स्थानीय सामाजिक संवेदनशीलता के साथ तालमेल बिठाते हुए अपने विवेक के आधार पर अविवाहित जोड़ों की बुकिंग को अस्वीकार करने का अधिकार दिया है।

ओयो ने मेरठ में अपने भागीदार होटलों को तत्काल प्रभाव से ऐसा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। नीति में हुए बदलाव से परिचित लोगों ने कहा कि जमीनी प्रतिक्रिया के आधार पर, कंपनी इसे और शहरों में विस्तारित कर सकती है। उन्होंने कहा, ओयो को पहले भी विशेष रूप से मेरठ में सामाजिक समूहों से इस मुद्दे को हल करने के लिए प्रतिक्रिया मिली थी। इसके अलावा, कुछ दूसरे शहरों के निवासियों ने भी अविवाहित जोड़ों को ओयो होटलों में चेक-इन करने की अनुमति न देने की मांग की है।

ओयो उत्तर भारत के क्षेत्र प्रमुख पावस शर्मा ने पीटीआई-को बताया, ओयो सुरक्षित और जिम्मेदार आतिथ्य प्रथाओं को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। हम व्यक्तिगत स्वतंत्रता का सम्मान करते हैं, लेकिन साथ ही हम इन बाजारों में कानून प्रवर्तन और नागरिक समाज समूहों की बात सुनने और उनके साथ काम करने की अपनी जिम्मेदारी को भी पहचानते हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी समय-समय पर इस नीति और इसके प्रभाव की समीक्षा करती रहेगी।

मनसुख मांडविया ने फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम का नेतृत्व किया

(एजेन्सी)।

नई दिल्ली। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने गुजरात के पोरबंदर में फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम का नेतृत्व किया जबकि ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने गुवाहाटी से इस पहल का समर्थन किया। मांडविया के साथ 150 से अधिक साइकिल सवारों ने उनके लोकसभा क्षेत्र पोरबंदर के उपलेटा में म्यूनिसिपल आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज से तालुका स्कूल क्रिकेट ग्राउंड तक पांच किलोमीटर का सफर तय किया।

तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता बोरगोहेन देश के विभिन्न हिस्सों से अन्य प्रतिष्ठित खिलाड़ियों के साथ गुवाहाटी में

भारतीय खेल प्राधिकरण

मजबूत सड़क नेटवर्क से रखी जाएगी गुरुग्राम के सुनहरे भविष्य की नींव: राव नरबीर सिंह

संजना भारती संवाददाता

चंडीगढ़। हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य, पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि आगामी पांच वर्षों में बेहतर कनेक्टिविटी व मजबूत सड़क नेटवर्क से गुरुग्राम के सुनहरे भविष्य की नींव रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों के इसी क्रम में 800 करोड़ की लागत से गुरुग्राम जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग से वाटिका चौक तक एलिवेटेड सड़क मार्ग व वाटिका चौक से घाटा तक चार फ्लाईओवर का निर्माण किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण द्वारा क्रियान्वित किए जाने वाले इस महत्वपूर्ण कार्य की डीपीआर तैयार की जा रही है जल्द ही धरातल पर काम भी शुरू होगा। कैबिनेट मंत्री शनिवार को गुरुग्राम के सेक्टर 49 स्थित वाटिका सिटी व सेक्टर 50 स्थित साउथ क्लोज में अपने धन्यवादी दौरे में उपस्थित नागरिकों को संबोधित कर रहे थे।

राव नरबीर सिंह ने कहा कि गुरुग्राम को एक सुदंर व स्वच्छ शहर बनाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आगामी पांच वर्षों में गुरुग्राम में

जो भी विकास कार्य होंगे उनमें आमजन की राय को प्राथमिकता के साथ स्थान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार संकल्प पत्र में सिर्फ बात नहीं करती बल्कि उसको पूरा भी करती है।

कैबिनेट मंत्री ने जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए अधिकारियों से कहा कि सरकार द्वारा चलाई गई हर योजना का जमीनी स्तर पर क्रियांवन किया जाए। अधिकारी नागरिकों को हर सुविधा का लाभ पहुंचाएं। विकास कार्यों की योजनाओं को बनाते समय अधिकारी यह अवश्य ध्यान में रखें कि यह योजना जिन मानदंडों के आधार पर पूरी होनी है, वे सभी मानदंड संपूर्ण किए जाएं। निर्धारित समय में ही विकास कार्यों को पूरा किया जाए, ताकि समय पर जनता को उनका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि नागरिकों को सरकार द्वारा लागू की गई जन कल्याणकारी योजनाओं तथा विभिन्न सेवाओं का लाभ देना उनकी प्राथमिकता है।

साउथ क्लोज में कम्युनिटी सेंटर की मांग को स्वीकार करते हुए उन्होंने कहा कि अगले दो महीने में यह कार्य शुरू हो जाएगा। इस दौरान वाटिका चौक से घाटा तक ग्रीन बेल्ट पर अतिक्रमण की शिकायत पर उन्होंने कहा कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए आर एस भाट को नोडल अधिकारी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि 12 किलोमीटर के इस पूरे सड़क मार्ग को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए 31 जनवरी की समय सीमा निर्धारित की गई है। राव नरबीर सिंह ने कहा प्रदेश सरकार निरंतर जनहित में अनेक महत्वपूर्ण फैसले ले रही हैं और वे यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक व्यक्ति को इनका लाभ मिले। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे भविष्य में करवाए जाने वाले विकास कार्यों के प्रस्ताव बनाकर सरकार को भेजे ताकि उनकी मंजूरी लेकर जल्द से जल्द विकास कार्य करवाए जा सके।

महज आठ घंटे के भीतर हत्या के आरोपी सलाखो के पीछे

एसबी संवाददाता

साहिबगंज/झारखंड। महज आठ घंटे के भीतर हत्या के आरोपी महेश ताती विश्वजीत कुमार उर्फ शिवम कुमार एवं मो. तबरेज सलाखो के पीछे। उक्त बात की जानकारी पुलिस अधीक्षक ने प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से दी। उन्होंने बताया कि जमीनी विवाद एवं पूर्व मे प्रेम प्रसंग मामले को लेकर नवल ताती उर्फ बड़कू की गोली मारकर हत्या की गई। उक्त मामले का उद्वेदन अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी किशोर तिर्की के नेतृत्व में एक टीम गठित कर तड़ित कार्रवाई करते हुए महज आठ घंटे के भीतर अपराधियो को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। हमारे सारे टीम बधाई के पात्र है।

वही अपराधियो के पास से एक हथियार, एक जिंदा गोली और दो मोबाइल भी बरामद किए गए है। इससे पहले महेश ताती एवं मो. तबरेज अन्य मामलों मे कई बार जेल भी जा चुके हैं।

किराने की दुकान के आड़ में प्रतिबंधित मांझा बेचने वाले को रामनगर पुलिस ने किया गिरफ्तार

एसबी संवाददाता

वाराणसी। रामनगर थाना प्रभारी राजू सिंह के नेतृत्व में चौक चौराहा रामनगर पर यातायात व्यवस्था व संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर खास सूचना मिली कि मच्छरहट्टा रामनगर में किराने की दुकान में अवैध चाइनीज मांझा बेचा जा रहा है। यदि जल्दी किया जाय तो पकड़ा जा सकता है। मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर अभियुक्त अनुज कुमार सिंह पुत्र रविशंकर सिंह मौर्य निवासी मच्छरहट्टा थाना रामनगर वाराणसी के पास से 10 कि0ग्रा0 प्रतिबन्धित अवैध चाइनीज मांझा बरामद किया गया रामनगर पुलिस हिरासत लेकर थाना स्थानीय पर मु०अ०सं०- 0007/2025 धारा 293/125/223 बी0एन0एस0 व 5/15 पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजू सिंह, चौकी प्रभारी कस्बा गौरव कुमार सिंह, उपनिरीक्षक आशु पाण्डेय, राकेश सिंह, गंगा प्रसाद वर्मा रहे।

राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा निवेश एमओयू की करेंगे समीक्षा

एसबी संवाददाता

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत हस्ताक्षरित हुए 1 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि वाले एमओयू को समयबद्ध रूप से धरातल पर उतारने के लिए समीक्षा बैठक करेंगे।

श्री शर्मा समीक्षा बैठक में कृषि, शिक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी, उद्योग एवं वाणिज्य, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, खनन, पर्यटन और नगरीय विकास एवं आवासन विभाग के 124 एमओयू के क्रियान्वयन के संबंध में विभागीय अधिकारियों के साथ चर्चा करेंगे।

उल्लेखनीय है कि गत वर्ष में 9 से 11 दिसंबर तक आयोजित हुए राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत कुल 35 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू किए गए थे। जिसके बाद इन एमओयू के समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मुख्यमंत्री ने त्रि-स्तरीय समीक्षा व्यवस्था की पहल की थी। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री स्तर पर एमओयू क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक आयोजित हो रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने प्रदेश के

कारोबारी एवं व्यापारिक माहौल को निवेशकों के अनुरूप बनाने के लिए बड़े बदलाव किए हैं। प्रदेश में औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना, नवीन औद्योगिक क्षेत्रों को भू-खण्ड आवंटन किए गए हैं। साथ ही, निवेश को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना-2024 एवं अन्य 9 नई नीतियां भी जारी की गई हैं। राइजिंग राजस्थान समिट के तहत हुए निवेश एमओयू को जमीन पर उतारने की प्रगति रिपोर्ट दिसंबर 2025 में प्रदेशवासियों के सामने प्रस्तुत की जाएगी।

ट्रैफिक पुलिस ने दिखाई दरियादिली, कड़कड़ाती ठंड में बांटे कम्बल

एसबी संवाददाता

बदायूं। बदायूं पुलिस हमेशा विवादों में घिरी रहती है। वही एक ओर पुलिस विभाग में ऐसे लोग भी है जो इंसानियत का पैगाम देते हैं, ऐसे ही एक एस आई ट्रैफिक और कस्टेबिल है, जो हमेशा ऐसे कामो की वजह से क्षेत्र में चर्चा का विषय बने रहते है। फिर चाहे कांवड़ यात्रा हो या तपती धूप या कड़ाके की सर्दी या बरसात का मौसम हो, यह लोग कुछ न कुछ करते नजर आते हैं। जिससे बेसहारा गरीब लोगों को राहत मिलती है। ऐसा ही एक नजारा पुलिस लाइन चौराहे पर देखने को मिला। कड़ाके की सर्दी के दौरान उप निरीक्षक नासिर हुसैन ट्रैफिक व कांस्टेबल कुलदीप द्वारा पुलिस लाइन चौराहे पर गरीबों और बेसहारा लोगों को कम्बल वितरण करते हुए देखा गया। जिसकी क्षेत्र में चर्चा हो रही है, ठंड से बचने के लिए मदद के लिए आगे आये पुलिस द्वारा किया गया यह काम सराहनीय है।

आर एल महतो बीएड कॉलेज को मिली एम ए इन एजुकेशन कोर्स की संबद्धता

एसबी ब्यूरो प्रमुख/मिन्टू कुमार

दलसिंहसराय/समस्तीपुर। स्थानीय आर एल महतो इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन को आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना द्वारा एम ए इन एजुकेशन के लिए संबद्धता प्राप्त हुआ है। एम ए इन एजुकेशन पीजी लेवल का कोर्स है। यह कोर्स दो वर्ष का है। जिसमें कला, विज्ञान अथवा वाणिज्य संकाय से स्नातक पास छात्र छात्राएं नामांकन ले सकते हैं। इसको लेकर महाविद्यालय के निदेशक प्रशांत पंकज ने बताया कि इस कोर्स के लिए संबद्धता मिलना महाविद्यालय के लिए गर्व एवं हर्ष की बात है। वहीं स्थानीय छात्र छात्राओं को इस कोर्स की डिग्री हेतु दरभंगा या पटना जाने की जरूरत नहीं होगी। उन्होंने कहा कि भविष्य में और भी छात्रोपयोगी कोर्सेज महाविद्यालय में आरम्भ होगी, जिसके लिए वो प्रयासरत हैं। साथ ही

उन्होंने छात्र छात्राओं से अपील करते हुए कहा की देश का भविष्य आपके हाथों में है, बेहतर शिक्षा और संस्कार शिक्षकों को देना होगा। विद्यार्थी के ज्ञान, ईमान और अरमान के सपनों को मुकाम दें। वहीं प्राचार्य डॉ. धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि विद्यार्थी यह कोर्स गंभीरता एवं सफलता पूर्वक करें। मान सम्मान और नाम को आगे बढ़ाते रहना चाहिए। आनेवाले कल की चुनौतियों के लिए तैयार रहें। प्राध्यापक डॉ. निर्मल कुमार चंचल ने कहा कि विद्यार्थी अपनी पढ़ाई कठिन परिश्रम करके आत्मनिर्भर बने तथा अपने परिवार, समाज एवं राष्ट्र को एक नई दिशा दें। विद्यार्थी को अपने ज्ञान एवं योग्यता में वृद्धि करनी चाहिए। वहीं कोर्स के संबद्धता मिलने पर महाविद्यालय के सस्सयों में डॉ. सविता कुमारी, सत्यम, मो. इमामुद्दीन, हसन राजा अंसारी, योगेश कुमार, सर्वेश सुमन, नीलम कुमारी, रूपम कुमारी, कुमारी दीपा, आकांक्षा कुमारी, पल्लव पारस, रूपक कौशल, रश्मि रोजी, श्वेता कर्ण सहित अन्य सभी ने हर्ष जताया।

प्रदेश सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए कृतसंकल्प: कृषि मंत्री

एसबी संवाददाता

चंडीगढ़। हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए कृतसंकल्प है। वे यमुनानगर जिला के गांव ईशोपुर, रोड छप्पर, जोडियों, कांसापुर, आर्य नगर, गोलनपुर तथा फर्कपुर का धन्यवादी दौरा कर लोगों को सम्बोधित कर रहे थे।

श्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सभी वर्गों को साथ लेकर हरियाणा को और आगे ले जाने का काम किया जाएगा। प्रदेश सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए कृतसंकल्प है। राज्य सरकार ने अपने शासनकाल में सभी विधानसभा क्षेत्रों में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाए हैं और आगे भी इसी नीति पर चल विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो विकास कार्य रह गए है या अधूरे पड़े हैं उन सभी विकास कार्यों को जल्द पूरा कर दिया जाएगा ताकि जनता को

उनका लाभ मिल सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा हर वर्ग के हित में योजनाएं बनाई जा रही हैं तथा महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में भी विशेष रूप से कदम उठाए जा रहे हैं।

कृषि मंत्री ने इस दौरान लोगों की समस्याएं भी सुनी और उनका शीघ्र समाधान करवाने का आश्वासन दिया। गुरु गोविंद सिंह जयंती के उपलक्ष में गुरुद्वारा सिंह सभा रोड छप्पर में माथा टेका।

उद्योग राज्यमंत्री ने किए नाकोड़ा भैरव के दर्शन, बोले- आने वाला समय राजस्थान के लिए सुनहरा होगा

एसबी संवाददाता

जयपुर। उद्योग राज्यमंत्री श्री के. के. विश्नोई ने रविवार को बालोतरा जिले के प्रवास के दौरान नाकोड़ा जैन मंदिर पहुंच पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

इस दौरान उन्होंने मीडिया से रूबरू होकर कहा कि राज्य सरकार सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ विकसित भारत विकसित राजस्थान 2047 के विजन को लेकर चल रही है। जिसके उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त हुए है। प्रदेश की 11 प्रतिशत जीडीपी ग्रोथ को देखते हुए निवेशक उत्साहित है। विश्वभर के फाइनेंशियल इंस्ट्यूट की निगाह प्रदेश पर है। आने वाला समय राजस्थान के लिए सुनहरा होगा।

उन्होंने श्री पार्श्वनाथ जैन छात्रावास, मालवाड़ा द्वारा आयोजित श्री नाकोड़ाजी तीर्थ द्वितीय स्नेह मिलन कार्यक्रम में

शिरकत की। कार्यक्रम में सभी धर्मप्रेमी भाइयों-बहनों की आत्मीय उपस्थिति एवं समर्पण की भावना को सामाजिक एकता और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि श्री नाकोड़ाजी तीर्थ जैसे पवित्र स्थान पर आयोजित यह कार्यक्रम धर्म, सेवा और परस्पर प्रेम की भावना को और अधिक प्रबल करता है। धर्म, स्नेह और सेवा की यह परंपरा सदैव कायम रहे।

नीतीश कुमार ने की राजद की आलोचना, कहा-गलती से किया था गठबंधन

(एजेन्सी)।

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी लालू प्रसाद के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने विपक्षी दल के साथ गलती से गठबंधन किया था। जनता दल-यूनाइटेड (जदयू) प्रमुख कुमार की इस टिप्पणी से पहले पूर्व मुख्यमंत्री प्रसाद ने दावा किया था कि राजद ने पूर्व सहयोगी के लिए अपने दरवाजे खुले रखे हैं, जो फिलहाल भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में हैं। राज्यव्यापी प्रगति यात्रा के तहत उत्तर बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में पत्रकारों से बात करते हुए कुमार ने कहा, 'जो लोग हमसे पहले सत्ता में थे... क्या उन्होंने कुछ किया? लोग सूर्यास्त के बाद अपने घरों से बाहर निकलने से डरते थे। मैं गलती से कुछ बार उनके साथ जुड़ गया था।' उन्होंने कहा, 'उस समय महिलाओं की स्थिति क्या थी? आज आप इन स्वयं सहायता समूहों को देख सकते हैं। क्या

आपने पहले ऐसी आत्मविश्वासी ग्रामीण महिलाएं देखी थीं?' हालांकि, कुमार ने प्रसाद के 'प्रस्ताव' के बारे में सवाल का जवाब नहीं दिया। बिहार में सालभर के अंदर होने वाले विधानसभा चुनाव में राजग के मुख्यमंत्री पद के चेहरे के बारे में पूछे गए सवाल पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के गोलमोल जवाब देने के संदर्भ में प्रसाद ने कुमार के लिए दरवाजे खुले होने वाला बयान दिया था। राज्य भाजपा के नेता अपनी ओर से कहते रहे हैं कि 2025 के विधानसभा चुनाव में कुमार राजग का 'चेहरा' होंगे। लोकसभा चुनाव में बहुमत से दूर रही भाजपा केंद्र में सत्ता में बने रहने के लिए जदयू और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) जैसे गठबंधन सहयोगियों पर निर्भर है।

दिल्ली के जामिया नगर में छापेमारी

नई दिल्ली (एजेन्सी)। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने मानव तस्करी और साइबर ठगी मामले की जांच के तहत दिल्ली के जामिया नगर में हाल में गिरफ्तार किए गए एक आरोपी के घर पर छापेमारी की। एजेंसी ने रविवार को एक बयान में यह जानकारी दी। शनिवार को की गई छापेमारी में मोबाइल फोन या टैबलेट और कई बैंकों के डेबिट कार्ड, पासबुक और चेक बुक सहित अन्य वित्तीय दस्तावेज जब्त किए गए। एनआईए ने बयान में कहा कि यह मामला कामरान हैदर और अन्य आरोपियों द्वारा एक आपराधिक साजिश से जुड़ा है, जो भारतीय युवाओं को लाओ पीडीआर के गोल्डन ट्राइंगल क्षेत्र में भेजने में संलिप्त थे। गोल्डन ट्राइंगल क्षेत्र में थाईलैंड, लाओस और म्यांमा के कुछ हिस्से शामिल हैं। दुनिया में अफीम की व्यापक खेती के कारण ये देश मादक पदार्थों की वैश्विक तस्करी में प्रमुख भूमिका निभाते हैं।

अजमेर की सुरक्षा में नया मील का पत्थर, 25 साल बाद नये थाने हरिभाऊ उपाध्याय नगर का शुभारम्भ

एसबी संवाददाता

जयपुर। अजमेर शहर की सुरक्षा के इतिहास में एक नया अध्याय रविवार से जुड़ गया। विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने रविवार को अजमेर के पुष्कर रोड़ स्थित पुरानी विश्राम स्थली में नये हरिभाउ उपाध्याय नगर पुलिस थाने का शुभारम्भ किया। पुलिस थाने में पूरे स्टाफ की नियुक्ति कर दी गई है। पुलिस ने शुभारम्भ के साथ ही काम-काज संभाल लिया। यह पुलिस थाना हरिभाऊ उपाध्याय नगर सहित आसपास की करीब एक लाख आबादी को सुरक्षा प्रदान करेगा।

विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने पुलिस थाने के शुभारम्भ के बाद आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि अजमेर शहर में विगत 25 सालों में कोई नया थाना नही खुला था। क्रिश्चयनगंज थाने का क्षेत्राधिकार बहुत बड़ा होने के कारण पुलिस काफी वर्क लोड में काम कर रही थी। हमने राज्य सरकार के गठन के साथ ही इस दिशा में काम करना शुरू किया और पहले ही बजट में इस थाने के गठन को मंजूरी दिलाई। नया थाना कोटड़ा, हरिभाऊ उपाध्याय नगर, बीके कौल नगर रातीडांग और आसपास के क्षेत्र की

कॉलोनियों में सुरक्षा प्रदान करेगा।

उन्होंने कहा कि अजमेर शहर में दूसरे देशों से आने वाले घुसपैठियों, अतिक्रमण, अवैध कब्जों और अपराधों की शिकायतें लगातार बढ़ती जा रही है। पुलिस इनके खिलाफ सख्त कार्यवाही करें। पुलिस का उद्देश्य है अपराधियों में खौफ और आमजन में विश्वास। पुलिस अपने आदर्श वाक्य की पालना के लिए सख्त पुलिसिंग करें। अजमेर में भू-माफिया, भ्रष्टाचार, अतिक्रमण और अवैध कब्जों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस ?से लोगों को चिन्हित करें और एक्शन लें।

उन्होंने कहा कि पिछले बजट में अजमेर जिले के लिए 1500 करोड़ रूपए की सौगातें मिली है। यह बजट घोषणाएं अजमेर में विकास के नए आयाम स्थापित करेगी। बजट घोषणाओं के तहत अजमेर में पेयजल की समस्या के निराकरण के लिए 270 करोड़ रूपए की घोषणा की गई है। इस राशि से नसीराबाद से नौसर तक नई पाइप लाईन और तीन नये सर्विस रिजर्व वायर बनाए जाएंगे। माकड़वाली गांव में आईटी पार्क की स्थापना होगी। कोटड़ा में नया सैटेलाइट अस्पताल स्थापित किया जा रहा है। जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में सुपरस्पेशिलिटी ब्लॉक बनेगा। अजमेर में स्पोर्ट्स कॉलेज, एथलेटिक्स एकेडमी, बालिका सैनिक स्कूल सहित अहम घोषणाएं की गई है। तेलंगाना हाउस का आवंटन निरस्त किया गया है। सांईस पार्क का निर्माण पुनः शुरू करवाया गया है। विकास की यह गति लगातार बनी रहेगी।

15 वर्षीय किशोरी जान देने के लिए यमुना नदी में कूदी, दिल्ली पुलिस ने बचाया

(एजेन्सी)।

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने तेजी दिखाते हुए कथित तौर पर आत्महत्या करने के लिए पुल से यमुना नदी में छलांग लगाने वाली 15 वर्षीय एक किशोरी को डूबने से बचा लिया। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि किशोरी ने कथित तौर पर पढ़ाई के तनाव के कारण पुल से यमुना नदी में छलांग लगा दी थी। पुलिस के अनुसार यह घटना शनिवार को हुई। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) राजा बंथिया ने पीटीआई- को बताया कि रूप नगर पुलिस थाने को एक महिला ने अपनी बेटी के लापता होने की सूचना दी। किशोरी की मां ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी घर पर अकेली थी जबकि परिवार के बाकी लोग बाहर गए हुए थे। उसके अकादमिक प्रदर्शन के बारे में बातचीत के बाद मां को चिंता हुई कि उसकी बेटी कोई बड़ा कदम उठा सकती है इसलिए उसने अपने बेटे से कहा कि वह उसे देखे कि वह (किशोरी) सुरक्षित तो है।

बंथिया ने बताया कि घर लौटने पर बेटे ने देखा कि किशोरी ने एक सुसाइड नोट छोड़ा है। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) विनीता त्यागी के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम ने तलाशी अभियान शुरू किया। टीम ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की और सिग्नेचर ब्रिज तथा वजीराबाद ओल्ड ब्रिज इलाकों पर ध्यान केंद्रित करते हुए स्थानीय लोगों से पूछताछ की। मेट्रो साइट गार्ड को जानकारी दी गई जिसके बाद वे तलाशी में शामिल हो गए।

बंथिया ने बताया, तलाशी के दौरान किशोरी को यमुना नदी में कूदते हुए देखा गया। एक गार्ड और तैराक बृजेश कुमार ने नदी में छलांग लगाई और उसे बचा लिया। उसे सुरक्षित रूप से किनारे पर खींच लिया गया और पुलिस टीम ने तुरंत उसकी काउंसलिंग की। औपचारिकताओं के बाद उसे उसके परिवार के हवाले कर दिया गया।

4 फरवरी से 11 फरवरी तक अम्बाला कैंट में होगी अग्निवीर पुरुष एवं महिला (मिलिट्री पुलिस) की भर्ती

संजना भारती/विज्ञप्ति द्वारा

चंडीगढ़। आगामी 4 फरवरी से 8 फरवरी तक अम्बाला कैंट के खडगा स्पोर्ट्स स्टेडियम में अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया का दूसरा चरण, फिजिकल एवं मेडिकल का आयोजन किया जाएगा। इस भर्ती प्रक्रिया में हरियाणा के अम्बाला, कैथल, कुरुक्षेत्र, करनाल, यमुनानगर, पंचकुला और केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के वे पुरुष अभ्यार्थी जो की प्रथम चरण के कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन कॉमन परीक्षा में शॉर्टलिस्ट हुए हैं, वे भाग ले सकते हैं। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम चरण के सभी चयनित अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड 20 दिसम्बर 2024 को जारी कर दिये गये हैं। ऐसे सभी उम्मीदवार भारतीय सेना की वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर उम्मीदवार लॉग इन आईडी से अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते है। इसी प्रकार से 9 फरवरी से 10 फरवरी तक इसी स्थल पर दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल एवं चंडीगढ़ की अग्निवीर महिला (मिलिट्री पुलिस) अभ्यार्थियों की भी भर्ती प्रक्रिया का दूसरा चरण आयोजित किया जाएगा। इनके एडमिट कार्ड शीघ्र ही जारी किये जायेगे। प्रवक्ता ने आगे बताया कि किसी भी अभ्यर्थी को एडमिट कार्ड डाउनलोड करने में समस्या आती हैं तो मुख्यालय भर्ती कार्यालय अम्बाला के जानकारी कक्ष में प्रातः 10 बजे से दोपहर 02 बजे के बीच में संपर्क कर सकते हैं, ताकि आपकी समस्या का समाधान जल्द से जल्द हो सके।

नगर निगम चुनाव को लेकर एडहॉक कमेटी की बैठक में वार्ड हुए आरक्षित: डीसी उत्तम सिंह

एससी वर्ग के लिए वार्ड 6, 14 आरक्षित, एससी महिला वर्ग के लिए वार्ड-1 आरक्षित

एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी

करनाल। नगर निगम चुनाव के लिए वार्ड आरक्षित करने को लेकर एडहॉक कमेटी की बैठक करनाल के लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता डीसी उत्तम सिंह ने की। बैठक के दौरान एडहॉक कमेटी के सदस्य मौजूद रहे। इनके साथ-साथ निगम कमिश्नर डॉ. वैशाली शर्मा व एडीसी यश जालुका भी मौजूद रहे। एडहॉक कमेटी व मीडिया की मौजूदगी में नगर निगम चुनाव के लिए वार्ड आरक्षित किए जाने के लिए ड्रॉ निकाला गया।

डीसी उत्तम सिंह ने कहा कि नगर निगम चुनाव के लिए वार्ड आरक्षित करने को लेकर एडहॉक कमेटी की बैठक आयोजित की गई थी। जिला प्रशासन का उद्देश्य पूर्ण पारदर्शिता के साथ नगर निगम चुनाव से संबंधित गतिविधियों को संपन्न करवाना है। बैठक में मौजूद एडहॉक कमेटी के सदस्यों की मौजूदगी में ड्रॉ निकलवाया गया। इस दौरान इस पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करवाई गई। इसके साथ-साथ मीडियाकर्मियों ने भी पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की। पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाई गई।

इस दौरान सीटीएम मोनिका, पूर्व मेयर रेनु बाला गुप्ता, पूर्व डिप्टी मेयर नवीन, पूर्व पार्षद वीर विक्रम, पूर्व पार्षद रजनी परोचा, पूर्व पार्षद युद्धवीर, विनय पोसवाल व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

ये वार्ड किए गए आरक्षित

एससी वर्ग उम्मीदवार के लिए: वार्ड- 6 और वार्ड- 14 आरक्षित।
एससी वर्ग महिला उम्मीदवार के लिए: वार्ड-1 आरक्षित।
बीसी-ए वर्ग उम्मीदवार के लिए: वार्ड- 7 आरक्षित।
बीसी-ए वर्ग महिला उम्मीदवार के लिए: वार्ड- 2 आरक्षित।
बीसी-बी वर्ग महिला उम्मीदवार के लिए: वार्ड- 17 आरक्षित।
महिला सामान्य वर्ग उम्मीदवार के लिए: वार्ड- 9, वार्ड-10, वार्ड- 15 और वार्ड-16 आरक्षित।

सामान्य वर्ग की महिला उम्मीदवार के लिए वार्ड 9, 10, 15 और 16 आरक्षित

पीएम-विश्वकर्मा योजना से दस्तकारों के जीवन स्तर में होगा सुधार: उपायुक्त

एसबी विशेष संवाददाता

करनाल। सरकार द्वारा श्रमिकों का जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए पीएम-विश्वकर्मा योजना शुरू की है। इस योजना में 18 हस्त व्यवसायों को शामिल किया गया है। इसलिए इस योजना में जिला के अधिकाधिक नागरिकों को लाभ दें ताकि सरकार का अन्त्योदय का लक्ष्य पूरा हो सके। उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि योजना का गांव स्तर पर पूरा प्रचार करें और लाभार्थी को मौके पर ही लाभ देने की कोशिश करे ताकि अधिकाधिक लोग इसका फायदा उठा कर अपने जीवन स्तर को उंचा उठा सके।

उन्होंने बताया कि इस योजना में नाव बनाना, शस्त्रागार, लुहार, हथौड़ा व लोहे के औजार बनाना, ताला बनाना, सुनार, कुंभकार, मूर्तिकार, मोची, राजमिस्त्री, टोकरी, सुथार, चटाई बनाना, गुडिया व खिलौने बनाना, बारबर, धोबी, दर्जी और मछली पकडने के जाल बनाने का काम शामिल है। योजना में विभिन्न व्यवसायों से जुड़े दस्तकारों को प्रशिक्षण, टूल किट व बैंक लोन की सुविधा प्रदान की जाएगी। योजना में कारीगरों को पहले पीएम विश्वकर्मा.जीओवी.इन पोर्टल पर पंजीकरण करवाना होगा। उन्होंने कहा कि सरपंच या यूएलबी के संबंधित कर्मचारी को लोगिंन आईडी बनाने में कोई परेशानी आए तो वे विभाग से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत, कारीगरों और शिल्पकारों को पीएम विश्वकर्मा प्रमाण-पत्र और पहचान-पत्र के माध्यम से मान्यता प्रदान की जाएगी।

इस योजना के तहत पांच प्रतिशत की रियायती ब्याज दर के साथ एक लाख रुपये (पहली किश्त) और दो लाख रुपये (दूसरी किश्त) तक ऋण सहायता प्रदान की जाएगी। योजना के तहत कौशल उन्नयन, टूलकिट प्रोत्साहन, डिजिटल लेन-देन के लिए प्रोत्साहन और विपणन सहायता प्रदान की जाएगी। योजना के लागू होने से श्रमिकों के बच्चों को मिलने वाली सहायता में भी वृद्धि हुई है। योजना का लाभ लेने के लिए कारीगरों को पोर्टल पर पंजीकरण करवाना जरूरी है। उन्होंने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य दस्तकारों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाना है।

जरूरतमंदों व लाचार लोगों की सेवा पुण्य का कार्य: योगेंद्र राणा

संजना भारती संवाददाता

असंध। श्री कृष्ण कृपा परिवार की तरफ से सनातन धर्म मंदिर असंध में गरीब परिवारों को राशन व कम्बल वितरित किए।

इस मौके पर असंध विधायक योगेन्द्र राणा मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे उन्होंने इस पुण्य कार्य के लिए कृष्ण कृपा परिवार को बधाई देते हुए कहा कि उनके द्वारा जो यह सेवा का कार्य किया जा रहा है बेहद ही प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि कडकड़ाती सर्दी के मौसम में गरीबों को कंबल वितरण करना ओर भूखे को भोजन देना पुण्य का कार्य है और इस प्रकार के कार्य करने से समाज में सुख-समृद्धि का आगमन होता है।

उन्होंने कहा कि जरुरतमंद, गरीब व लाचार व्यक्ति की सहायता करना पुण्य का कार्य है। इसके साथ-साथ कड़ाके की सर्दी में कंबल एक सेतु का कार्य करता है। कड़ाके की ठंड में गरीबों का सहारा बनकर उनकी मदद करने से बढ़कर कोई परोपकार का कार्य नहीं है। इस मौके पर उन्होंने अन्य सामाजिक संस्थाओं को इस प्रकार के पुण्य के कार्य के लिए लोगों को आगे आने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान नगरपालिका चेयरमैन राजेंद्र ढींगड़ा जगदीश छाबडा, राम निवास, दीपक छाबडा, विक्की गुलाटी, विरेन्द्र चुघ, संजीव खन्ना, रमेश मदान, रमेश बत्रा, सोनू बत्रा, अमरजीत छाबड़ा, शिवकुमार गोयल सहित मौजूद रहे।

बेटियों के स्वर्णिम भविष्य हेतु सुकन्या समृद्धि योजना कारगर: उपायुक्त

उपायुक्त उत्तम सिंह का आह्वान-योजना का लाभ उठाएं अभिभावक

एसबी विशेष संवाददाता

करनाल। उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि बेटियां समाज का गौरव है और बेटियों को बेहतर शैक्षणिक एवं सुरक्षित माहौल प्रदान करने में सरकार सजगता से अपना दायित्व निभा रही है। केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत अनेक महत्वाकांक्षी योजनाओं को लागू करते हुए क्रियान्वित किया गया है।

उपायुक्त ने सरकार की योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सुकन्या समृद्धि योजना बेटियों के सुरक्षित भविष्य के लिए वरदान है। इस योजना में जमा की गई राशि भविष्य में बेटियों को उच्चतर शिक्षा दिलवाने व उनकी शादी में आर्थिक रूप से मद्दगार साबित हो रही है। ऐसे में सभी पात्र व्यक्तियों को इस योजना के तहत अपनी बेटी का खाता खुलवाना चाहिए। सुकन्या समृद्धि खाता योजना बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान का ही एक भाग है। घरेलू बचत के लिए भी सरकार की यह एक अच्छी पहल है। उन्होंने बताया कि सुकन्या समृद्धि खाता एक डाकघर से दूसरे डाकघर में निशुल्क ट्रांसफर किया जा सकता है। जमा राशि पर लगने वाला ब्याज पूर्णतः कर रहित है तथा इसमे आयकर अधिनियम की धारा 80सी के तहत छूट भी प्राप्त है।

उपायुक्त ने बताया कि सुकन्या समृद्धि योजना के तहत माता-पिता या कानूनी अभिभावक दो लड़कियों के लिए यह खाता खुलवा सकते हैं। बेटी के जन्म से 10 वर्ष तक की उम्र में सुकन्या समृद्धि एकाउंट खोला जा सकता है। यह खाता लडकी के नाम से ही खोला जा सकता है। जमाकर्ता माता-पिता (अभिभावक) में से एक होगा जो नाबालिग लडकी की ओर से पैसा जमा करेगा। उन्होंने कहा कि मात्र 250 रुपये से खाता खोला जा सकता है लेकिन साल में कम से कम एक हजार रुपये हर खाते में जमा होने चाहिए, अधिकतम एक लाख 50 हजार रुपये वर्ष में जमा किए जा सकते है।

विधायक जगमोहन आनंद ने किया डायलिसिस यूनिट का उद्घाटन

एसबी विशेष संवाददाता

करनाल। विधायक जगमोहन आनंद ने आज जिला भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ एवं गजराज हॉस्पिटल द्वारा लगाई डायलिसिस यूनिट का उद्घाटन किया। इस मौके पर विधायक ने कहा स्वास्थ्य के क्षेत्र में डायलिसिस की सुविधाएं शुरू हो गई है, जिससे करनाल के लोगों को काफी लाभ मिलेगा। इस डायलिसिस सेंटर में आयुष्मान कार्ड धारकों मुफ्त में डायलिसिस की सुविधा दी जाएगी। इसके साथ ही अन्य लोगों को भी किफायती दरों पर सुविधा मिलेगी।

इस मौके पर विधायक ने कहा कि आज के समय सभी को अच्छे स्वास्थ्य सेवाओं की जरूरत रहती है। डायलिसिस भी इन सेवाओं में से एक है। यह सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वे गजराज हॉस्पिटल का धन्यवाद करते हैं, साथ ही यह उम्मीद भी करते हैं, कि यह हॉस्पिटल अपनी बात पर कायम रहेंगे और जन सेवा के लिए समर्पित रहेंगें। विधायक जगमोहन आनंद ने नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि करनाल की जनता सुखी व स्वस्थ रहें। भगवान से प्रार्थना करते है कि यदि कोई रोगी यहां आता है तो उसका सही इलाज करें।

इस मौके पर डॉ. मुकेश ने कहा कि गजराज हॉस्पिटल हमेशा जन सेवा एवं जन कल्याण के लिए तत्पर रहता है। डायलिसिस गंभीर किडनी रोगियों के लिए जरूरी होती है। हॉस्पिटल में आयुष्मान भारत द्वारा विभिन्न सुविधाएं अच्छी गुणवत्ता के साथ मुफ्त में दी जाती है। इसके अलावा अन्य लोगों को यह सुविधाएं 50 प्रतिशत कम दरों पर डायलिसिस की सुविधा दी जाएगी।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. लोकवीर, जिला मीडिया प्रभारी एवं भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ अशोक कुमार, जिला संयोजक डॉ.अमित कुमार, सहसंयोजक डॉ.महेंद्र प्रताप, महामंत्री डॉ. विक्रम टुटेजा, अर्बन मंडल महासचिव अजय कश्यप, सचिव आकाश अरोड़ा, दिनेश तनेजा, राजेश दिवान एवं नवीन गुम्बर, डॉ. शुभम कौशिक, डॉ. मुकेश कौशिक, डॉ. अनमोल शिव अरोड़ा, डा क्रांतिकर, केपीएस बब्बर, याद राम, राकेश कौशिक, परविंदर कुमार,डॉ. संजय कुमार, सोमनाथ तंवर मौजूद रहें।

राजयोग मेडिटेशन से मन ही नहीं, तन भी स्वस्थ रहता है: मेहर चंद

श्रद्धालुओं को राजयोग मेडिटेशन के बारे जानकारी देते भ्राता मेहर चंद व बी.के उषा। (छाया: एसबी)

एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजय गर्ग

असंध। राजयोग मेडिटेशन से मन ही नहीं, शरीर भी स्वस्थ रहता है। इसमें जीवन की हर समस्या का हल समाया हुआ है। राजयोग के अभ्यास द्वारा हमारी सुषुप्त शक्तिया जागृत हो जाती हैं। वैसे तो हर व्यक्ति भगवान को किसी न किसी रूप में याद करता ही है, लेकिन सत्य जानकारी न होने के कारण उसकी बुद्धि भगवान की याद में एकाग्र नहीं होती। हम भगवान से अपना सम्बंध जोड़कर तनाव से मुक्त हो सकते हैं।

उपरोक्त विचार डायरेक्टर उत्तराखंड एवं सिनियर कोऑर्डिनेटर स्पोर्ट्स विंग करनाल भ्राता मेहर चंद ने करनाल रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में श्रद्धालुओं को राजयोग मेडिटेशन के बारे में जानकारी देते हुए कहे। उन्होंने कहा कि मेडिटेशन करने से आपके जीवन से नकारात्मकता बाहर हो जाएगी और सकारात्मका उत्पन्न होगी। इससे जीवन खुशियों से भरपूर हो जाएगा। बी.के उषा दीदी ने कहा कि हर जिम्मेदारियों को तनावमुक्त तरीके से करने के लिए राजयोग मेडिटेशन को दिनचर्या में अपनाएं। आत्मा का परमात्मा से मिलन ही राजयोग है। बी.के नीलम दीदी ने कहा कि राजयोग का अभ्यास हमारे विचारों का शुद्धिकरण करता है, जिससे स्वतः ही हमारे कर्म श्रेष्ठ हो जाते हैं। इसलिए राजयोग ध्यान का अभ्यास निरंतर जारी रहना चाहिए। बी.के सरिता ने कहा कि राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास आपको तनावमुक्त करेगा। उन्होंने कहा कि तनाव के मुख्य कारण हमारा अंहकार है।

जनता का प्रतिनिधि बनकर उनके हकों की आवाज विधानसभा में उठाउंगा: जगमोहन आनंद

विधायक की चाय पर चर्चा में जुटे आमजन

एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी

करनाल। विधायक जगमोहन आनंद द्वारा प्रत्येक रविवार को शुरू किए गए चाय पर चर्चा कार्यक्रम में रविवार को शहर के नेहरू पैलेस में बड़ी संख्या में आमजन जुटे। विधायक जगमोहन आनंद ने सभी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने शहर की बेहतरी के लिए जनता से सुझाव भी मांगे। इसके साथ-साथ उन्होंने कहा कि वे जनता के सेवक हैं, उनका प्रतिनिधि बनकर उनके हकों की आवाज विधानसभा में उठाउंगा।

चाय पर चर्चा कार्यक्रम की शुरूआत भजन के साथ हुई। इसके उपरांत विधायक जगमोहन आनंद ने सभी से शहर की बेहतरी के लिए सुझाव देने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक रविवार को आमजन के बीच से सुझाव लेंगे और जो बेहतर सुझाव होगा, उस पर कार्य किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि चाय पर चर्चा कार्यक्रम किसी व्यक्ति का नहीं बल्कि पूरे शहरवासियों का प्लेटफॉर्म है। कोई भी व्यक्ति यहां आकर अपने सुझाव दे सकता है। यदि सुझाव बेहतर होगा तो अवश्य उस पर कार्य किया जाएगा।

इस मौके पर पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर राजेश अघी, भाजपा कार्यकर्त्ता रमेश मिड्डा, निशांत शर्मा, जगदीश सभरवाल, प्रमोद नागपाल सहित बड़ी संख्या मे कार्यकर्त्ता व शहरवासी उपस्थित रहे।

छात्रों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता: रणबीर गंगवा

संजना भारती/विज्ञप्ति द्वारा

चंडीगढ़। हरियाणा के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने रविवार को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में आयोजित ऋषिकुल विद्या मंदिर के वार्षिक सम्मेलन में शिरकत की। इस मौके पर नागरिकों की समस्याओं को भी सुना।

श्री रणबीर गंगवा ने कहा कि प्रदेश के हर कोने में छात्रों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज की नींव होती है। यह न केवल व्यक्ति के जीवन को उज्जवल बनाती है, बल्कि समग्र समाज को प्रगति और समृद्धि की ओर ले जाती है। इसके अलावा बच्चों के अच्छे भविष्य के लिए उन्हें अच्छी शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार भी दीजिए।

बच्चों में अच्छे संस्कार विकसित करने में मां-बाप की भूमिका काफी अहम होती है। अच्छे संस्कार ही हमें एक अच्छा व्यक्ति बनाते हैं और यही संस्कार आगे चलकर हमारे जीवन को आगे बढ़ाने में हमेशा मदद करते रहते हैं। विद्यार्थी अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करें तथा कठोर परिश्रम करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा के अलावा खेल के माध्यम से भी छात्र अपना भविष्य बना सकते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के खेलों को नई पहचान मिली है। खेलो इंडिया के माध्यम से देशभर में खेल की उत्कृष्टता को बढ़ावा देने का प्रयास हुआ है। खेलों के उन्नयन के लिए प्रदेश सरकार ने भी अहम कदम उठाये हैं।

गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में शहर में निकाला नगर कीर्तन

पालकी का स्वागत करते हरियाणा किसान कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष शेर प्रताप शेरी। (छाया: एसबी)

एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजय गर्ग

असंध। गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में शहर में पालकी निकाली गई। पालकी साहिब को सुन्दर फूलों से सजाया गया। पालकी के आगे श्रद्धालुओं ने मार्ग की सफाई की और फूलों की वर्षा करते रहे। नगर कीर्तन शहर के विभिन चौकों और मार्गों से निकाला गया, जिसका श्रद्धालुओं ने स्वागत किया।

श्रद्धालुओं ने पालकी साहिब के सामने शीश नवाया, श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। पालकी का करनाल रोड पर हरियाणा किसान कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष शेर प्रताप शेरी व समाजसेवी गुरप्रीत कौर ने फूलों की वर्षा कर स्वागत किया और दूध का लंगर लगाया। पालकी साहिब को आकर्षक तरीके से सजाया गया। गतका के करतब भी दिखाए गए। नगर कीर्तन में बड़ी संख्या में संगत साथ चल रही है। संगत की तरफ से जगह-जगह नगर कीर्तन का स्वागत किया गया और चाय व दूध के लंगर बरताए गए। शेर प्रताप शेरी ने कहा कि गुरुओं ने देश धर्म के लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया। युवा पीढ़ी को गुरुओं की शिक्षा का अनुसरण करना चाहिए। इस अवसर पर जसवंत पन्नु, जगबीर संधु, मंगलवीर सिंह, सुकरमपाल सिंधड, सिराजुद्दीन दूपेडी, गुरनाम सिंह, हरदीप सिंह, पंजाब सिंह, जगदीश बैनिवाल, रणशेर सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

ब्रह्मकुमारी सेवा केंद्र राजौंद में नव वर्ष पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

कार्यक्रम में राजयोगी ब्रह्मकुमार भ्राता मेहरचन्द व ब्रह्माकुमारी नीलम ने शिरकत की

एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार

राजौंद। ब्रह्मकुमारीज सेवा केंद्र राजौंद द्वारा नव वर्ष के आगमन पर एक कार्यक्रम कर नूतन वर्ष का स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम पर राजयोगिनी नीलम दीदी (सेवाकेंद्र संचालिका श्रीनगर, उत्तराखंड) तथा यज्ञ स्नेही राजयोगी ब्रह्मकुमार मेहरचन्द (डायरेक्टर गढ़वाल क्षेत्र, उत्तराखंड, नेशनल कॉर्डिनेटर स्पोर्ट्स विंग माउंट आबू) ने शिरकत की।

इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी नीलम बहन ने राजयोगी जीवन को मजबूत बनने के सुंदर तरीके बताए। कहा कि अपनी धारणाओं को मजबूत करते हुए हम नव वर्ष का स्वागत करे और जीवन में नवीनता को अपनाए ताकि नवयुग हम ला सके। साथ साथ परमात्मा महावाक्या सुनाते हुए राजयोग का अभ्यास करवाया। इसके बाद आदरणीय राजयोगी ब्रह्मकुमार भ्राता मेहरचंद ने अपने शब्द गुच्छ से भाई बहनों को नए साल की मुबारक और बधाईयां दी। अपने बताया कि स्वमान में रहने वाले ही सर्व का सम्मान कर उन्नति के पथ पर अग्रसर होते हैं। स्वमान एक ऐसी संजीवनी बूटी है जो न केवल बीमारियों को दूर करती है बल्कि मानसिक तनाव दूर कर हर प्रकार की सिद्धि को प्राप्त करवाती है। उन्होंने बताया कि भारत के आत्म जागरण में स्वामी विवेकानंद जी ने विशेष योगदान है। परमात्म प्रेम हमें फर्श से अर्श तक पंहुचा देता हैं।

इस नए वर्ष में अपने नवजीवन को सुखमय बनाए महापुरुष के उदाहरण देते हुए जीवन को श्रेष्ठ बनने का संदेश दिया और हम सभी सकारात्मक सोच को अपनाने का संकल्प ले पुरानी आदतों को त्याग कर हम नई खुशियों का स्वागत करे। इस कार्यक्रम में कुमारी शानवी, कुमारी तानी, कुमारी जानवी और मितान्श ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

निजी बिल्डर की कार्यशैली को लेकर सख्त नजर आए खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर

संजना भारती/विज्ञप्ति द्वारा

चंडीगढ़। हरियाणा के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री श्री राजेश नागर ने फरीदाबाद में आयोजित खुले दरबार में लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने करीब दर्जन भर समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करते हुए जरूरतमंद लोगों को राहत पहुंचाई। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आप लोग रोजमर्रा की शिकायतों का समाधान अपने स्तर पर करें। श्री राजेश नागर ने खुले दरबार में पहुंचे लोगों से कहा कि वह पहले की तरह आपकी सेवा में जुटे हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आपकी सेवा करने के लिए मुझे ताकत दी है और मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि कभी निराश नहीं होने दूंगा। खुले दरबार में सेक्टर 77 स्थित एक निजी बिल्डर द्वारा तैयार रिहायशी कॉलोनी के निवासियों ने खाद्य आपूर्ति मंत्री श्री राजेश नागर से बिल्डर की शिकायत की कि उसने मोटी राशि वसूलने के बावजूद उन्हें आज तक क्लब हाउस बनाकर नहीं दिया, इसलिए उससे उनकी राशि ब्याज के साथ वापिस करवाई जाए। उन्होंने बताया कि मेरा पहला उद्देश्य लोगों की शिकायतों को दूर करना है। इसके साथ साथ हम मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी के नेतृत्व में क्षेत्र में खूब विकास करवा रहे हैं जिससे लोगों का जीवन सुगम हो रहा है।

कैथल पुलिस जिलावासियों को नशा ना करने के बारे में लगातार कर रही जागरूक

एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार

कैथल। नशा मुक्त हरियाणा मुहिम के तहत समाज को नशा मुक्त करने के उद्देश्य से एसपी राजेश कालिया के निदेर्शानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत पुलिस टीम द्वारा कैथल जिले में आमजन सहित विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम तहत रविवार को जागरूकता टीम में शामिल पीएसआई रामलाल, एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार तथा होमगार्ड शमशेर सिंह की टीम द्वारा एमडीएन स्कूल कलायत सहित अन्य स्कूलों में चल रहे एनएसएस केम्प दौरान विद्यार्थियों व मौजिज व्यक्तियों को नशे के प्रति जागरूक करने के साथ साथ इस अभियान को सफल बनाने में आमजन से सहयोग की अपील की है।

डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि कैथल पुलिस द्वारा जिला वासियों को लगातार नशा ना करने बारे जागरूक करते हुए इसके बुरे परिणामों बारे अवगत करवाया जा रहा है। साथ में कैथल पुलिस द्वारा नशे के आदी व्यक्तियों को चिन्हित कर-के उनकी काउंसलिंग करवाई जा रही है। पुलिस द्वारा उनका नशा छुड़वाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस मुहिम को सफल बनाने के लिए आमजन का सहयोग आवश्यक है। हर घर तक पुलिस का यह जागरूकता संदेश पहुंचाने के लिए आमजन भी अपने परिवार व आस पड़ोस में लोगो को नशे के प्रति जागरूक करें। नशा करने वाला व्यक्ति खुद के साथ साथ अपने परिवार को भी बर्बाद कर देता है। मनुष्य के लिए नशे का सेवन किसी भी प्रकार से हितकारी नहीं है और नशे के कारण लाखों युवा जिंदगी खो चुके है और बहुत से परिवार बेघर हो गए है। नशे से शरीर व घर दोनो का नाश होता है। नशा मुक्त व अपराध मुक्त समाज की स्थापना के लिए हम सभी को मिलकर कदम उठाने होंगे। पुलिस मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई कर रही है। मगर लोगों में नशा के खिलाफ जागरूकता पैदा करना तथा इस अभियान की शत प्रतिशत सफलता के लिए जन सहयोग अति आवश्यक है। आमजन नशे से संबंधित कोई भी सूचना पुलिस को दे। सूचना देने वाले का नाम पता गुप्त रखा जाएगा।